आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
मित्रता दिवस

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 02 | इंदौर, रविवार 02 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### एंटी-पेपर लीक कानून में बदलाव को राष्ट्रपति की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर लगाम कसने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के साथ ही यह कानून लागू हो गया है। नए प्रावधानों के तहत अब पेपर लीक के मामलों में त्वरित सुनवाई होगी और दोषियों को 10 वर्ष तक के कठोर कारावास तथा 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। केंद्र सरकार का कहना है कि संशोधित कानून का उद्देश्य केवल पेपर लीक करने वालों को सजा देना नहीं, बल्कि पूरे संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करना है. केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि यह कानून परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करेगा तथा युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### नेतन्याहू की मुश्किल- ट्रम्प को खुश करें या कुर्सी बचाएं

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 30 जुलाई को दावा किया कि गाजा को लेकर ऐतिहासिक समझौता हो गया है। हमास हथियार छोड़ने के लिए तैयार हो गया है। इसके साथ ही इजराइली सेना भी गाजा से पीछे हट जाएगी। ट्रम्प के ऐलान के बाद से सवाल पूछे जाने लगे हैं कि क्या इजराइल सच में गाजा से अपनी सेना हटा लेगा? यही शर्त अब इजराइल की राजनीति में सबसे बड़े विवाद की वजह बन गई है। इजराइल में कई नेता और वहां का मीडिया इस समझौते को लेकर नाराज हैं। एक तरफ ट्रम्प दावा कर रहे हैं कि इजराइल इस समझौते से बेहद खुश है। दूसरी तरफ इजराइल ने अब तक इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### देवघर में 2 दिन में लगभग 2 लाख कांवरियों ने किया जलाभिषेक

**देवघर।** झारखंड के देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला अब रफ्तार पकड़ने लगा है। शनिवार को सावन शुरू हुए तीसरा दिन है। पहले दिन 74987 कांवरियों ने जल चढ़ाए। दूसरे दिन 1,05,179 कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर जलार्पण किया। बाबा पर जलार्पण का सिलसिला जारी है। अब तक लगभग दो लाख कांवरिए जल चढ़ा चुके हैं। मुख्य अरघा से 81,985, बाह्य अरघा से 19,472 और शीघ्रदर्शनम व्यवस्था के तहत 3,722 श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाया। इन दिनों कांवरिया पथ केसरिया रंग में सराबोर नजर आ रहा है। हर ओर बोल बम व हर-हर महादेव के जयघोष गूंज रहे हैं। कांवरिए बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर जलार्पण कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

### फिल्म एसवीसी 63 के लिए सलमान ने घटाई फीस



**120 करोड़ की जगह 70 करोड़ ले रहे**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बन रही फिल्म एसवीसी 63 के लिए कथित तौर पर 70 करोड़ की फीस तय की है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, सलमान खान आमतौर पर एक फिल्म के लिए 120 करोड़ या उससे अधिक फीस लेते हैं। ऐसे में यह रकम उनकी नॉर्मल फीस का लगभग 60% बताई जा रही है। रिपोर्ट में एक सोर्स के हवाले से बताया गया है कि सलमान के पुराने दोस्त रफी काजी इस प्रोजेक्ट में मीडिएटर का काम कर रहे हैं। उनका नाम फिल्म के प्रोड्यूसर्स में भी शामिल रहेगा। इसी दोस्ती की वजह से सलमान अपनी अपफ्रंट फीस कम करने के लिए तैयार हुए हैं। हालांकि, सूत्र ने यह साफ नहीं किया कि क्या इस समझौते में सलमान खान को फिल्म के मुनाफे में हिस्सेदारी भी मिलेगी। पिछले कई सालों से उनकी फिल्मों में इस तरह की व्यवस्था होने की बात सामने आती रही है। सलमान खान ने हाल ही में फिल्म 'एसवीसी 63' के मुहूर्त की झलक शेयर की थी।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली**: जुलाई में 2.11 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन, ये पिछले साल के मुकाबले 15.4% ज्यादा, जून में 1.94 लाख करोड़ रहा था।
- **नई दिल्ली**: आजादी का मतलब केवल मनमानी नहीं, आज की पीढ़ी को इसका सही मतलब समझना होगा, ये लंबे संघर्ष के बाद मिली है- अजीत डोभाल
- **वाशिंगटन**: अमेरिका-इजराइल इस हफ्ते ईरान पर हमला कर सकते हैं, बिजली प्लांट-रिफाइनरी निशाने पर होंगे ट्रम्प बोले- ईरान पर भरोसा खत्म हो रहा।
- **लखनऊ**: 7.50 लाख रिश्वत लेते इंजीनियर गिरफ्तार, विजिलेंस ने 3 लोगों को रंगेहाथ पकड़ा, मकान बनवाने के बदले 15 लाख मांगे थे।
- **नई दिल्ली**: त्योहारों से पहले टूथपेस्ट से लेकर पेंट तक महंगे होंगे: एचयूएल और एशियन पेंट्स समेत 8 कंपनियां जरूरत के सामानों की कीमतें बढ़ाएंगी।
- **लखनऊ**: चढ़ावा चोरी का 'नाटक' करने पर राहुल-पप्पू यादव पर एफआईआर, लखनऊ में हिंदूवादी नेता बोला- पप्पू यादव का सिर लाने वाले को 51 लाख देंगे।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय महिला मुक्केबाजों प्रीति-जैस्मिन ने दिखाया दमखम

# भारत ने ग्लास्गो में 30 मिनट में जीते दो स्वर्ण



एजेंसी ▶▶ ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 30 मिनट के भीतर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। प्रीति पवार ने 54 किग्रा और जैस्मिन लंबोरिया ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज कर भारत की स्वर्णिम सफलता को और मजबूत किया।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शनिवार को भारतीय महिला मुक्केबाजों ने महज 30 मिनट में दो स्वर्ण पदक जीते। प्रीति पवार के बाद जैस्मिन लंबोरिया ने 'गोल्डन पंच' लगाए। साढ़े चार बजे खेलने उतरीं प्रीति ने महिलाओं की 54 किलोग्राम प्रतियोगिता में कनाडा की स्कार्लेट सवाना डेलगाडो के खिलाफ 5-0 से फाइनल बाउट जीती। वहीं, इसके 15 मिनट बाद रिंग में उतरते हुए जैस्मिन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में नॉर्दन आयरलैंड की मिकेला वॉल्श को 5-0 से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया।

#### प्रीति ने डेलगाडो को 5-0 से हराया

एसईसी हॉल-5 में दिन के पहले मुकाबले में भारत की प्रीति ने इंग्लैंड की स्कार्लेट सवाना डेलगाडो के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की। पहले राउंड में सभी पांच जजों ने प्रीति के पक्ष में 10-10 अंक दिए। इसके बाद दूसरे राउंड में एक बार फिर प्रीति ने सभी जजों से पूरे अंक हासिल किए। दूसरे राउंड तक प्रीति इंग्लैंड की मुक्केबाज के खिलाफ काफी हावी नजर आ रही थीं। एक ओर प्रीत के हर एक पंच में दम दिख रहा था, तो दूसरी तरफ डेलगाडो के पंच सही लैंड नहीं हो रहे थे। तीसरे राउंड में प्रीति ने इंग्लैंड की मुक्केबाज को थकाने की पूरी कोशिश की, क्योंकि शुरूआती दो राउंड में उन्होंने बड़ा फासला हासिल कर लिया था।

#### जैस्मिन ने दिग्गज वॉल्श को दी शिकस्त

दूसरी ओर, जैस्मिन लंबोरिया ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में नॉर्दन आयरलैंड की मिकेला वॉल्श के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की। पहले राउंड 3-2 से जैस्मिन के पक्ष में रहा था। उन्हें तीन जजों ने 10-10 अंक दिए। वहीं, दो जजों ने 9-9 अंक दिए। वहीं, वॉल्श को दो जजों ने 10-10 अंक दिए और तीन जजों ने 9-9 अंक दिए। दूसरे राउंड में जैस्मिन पूरी तरह से विपक्षी बॉक्सर पर हावी नजर आईं। उन्होंने सर्वसम्मति से दूसरा राउंड जीत लिया। जैस्मिन ने तीसरा राउंड 4-1 से अपने नाम करते हुए देश को सातवां गोल्ड दिलाया। यानी तीनों राउंड जैस्मिन ने ही जीते। जैस्मिन लंबोरिया ने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की एलीस ग्लिन को 4-1 से शिकस्त दी। इसके बाद भारतीय मुक्केबाज ने लिसोथो की रापेलैंग मासेलेला को 5-0 से हराया था। खबर लिखे जाने तक भारत ने कुल मिलाकर 30 पदक जीत लिए हैं। इनमें आठ स्वर्ण, 15 रजत और सात कांस्य पदक हैं। भारत फिलहाल पदक तालिका में छठे स्थान पर है।

## कुलगाम में आतंकियों ने ईंट-भट्टे पर काम कर रहे 2 हिंदू मजदूरों को नाम पूछकर गोली मार दी

### हत्या का शक लतीफ पर, अनंतनाग में कॉन्स्टेबल की हत्या में भी इसका नाम आया था

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में 2 हिंदू मजदूरों की हत्या आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों ने की। यह जानकारी खुफिया सूत्रों ने दी। ये फ्रंट लश्कर ए तैयबा से जुड़ा है।

सूत्रों ने बताया कि इस वारदात को अंजाम आतंकी मोहम्मद लतीफ ने दिया है। इसी ने 22 जुलाई को अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की लाल चौक इलाके में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी।

शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे कुलगाम के केलाम में आतंकियों ने ईंट-भट्टे पर काम कर रहे 2 हिंदू मजदूरों को नाम पूछकर गोली मार दी। पुलिस को यह जानकारी मौके पर मौजूद दूसरे मजदूरों ने दी। दोनों मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। ये हत्याएं पहलगाम जैसे पैटर्न पर की गई। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें आतंकियों ने 26 पर्यटकों को उनका धर्म पूछकर मार दिया था।



#### श्रमिकों के परिजनों को 20-20 लाख की सहायता

रायपुर. जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हुए आतंकी हमले में असमय जान गंवाने वाले छत्तीसगढ़ के दो श्रमिकों के परिवारों के लिए राज्य सरकार ने बड़ी राहत का ऐलान किया है. दिल्ली दौरे से वापस लौटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीड़ित परिवारों को 20-20 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की. सीएम ने इस कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

#### लतीफ उसके साथी के साथ मोटरसाइकिल से पहुंचा था

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लतीफ और उसका साथी मोटरसाइकिल से प्रवासी मजदूरों के पास पहुंचा था। इन्होंने पहचान पत्र चेक किए और बहुत करीब से गोलीबारी की। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने 10-12 राउंड फायर की आवाज सुनी। एजेंसियों के अनुसार, लतीफ ने यह हमला इसलिए किया, ताकि वह यह संदेश दे सके कि उसका मॉड्यूल अब भी एक्टिव है और आतंकी हमले करने में सक्षम है। खुफिया सूत्रों का मानना है कि इस गोलीबारी की साजिश सीमा पार बैठे लश्कर के हैंडलर्स ने रची। शक मुख्य रूप से सज्जाद जट्ट / सैफुल्ला पर है, जो पाकिस्तान में रहने वाला जैश का सीनियर हैंडलर है। बीते दो-तीन साल में कश्मीर के ईंट-भट्टों पर ऐसे ही आतंकी हमले हुए थे, जिसके बाद पुलिस ने यहां सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया था। इस ईंट भट्टे पर भी सीसीटीवी कैमरे लगे थे, जिसके फुटेज की पड़ताल की जा रही है। इस पूरे इलाके में 20 से ज्यादा ईंट भट्टे हैं।

### तहसीन पूनावाला ने ई-20 ईंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें ग्रेटर कैलाश में हाउस अरेस्ट किया। यह कार्रवाई केंद्र सरकार की ई-20 ईंधन नीति के खिलाफ उनके अकेले प्रदर्शन और भूख हड़ताल से पहले हुई। पूनावाला ने 27 जुलाई को एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग से गांधी स्मृति तक पदयात्रा और शुक्रवार को एक दिन की भूख हड़ताल की घोषणा की थी। पूनावाला ने एक्स पर कई दृश्य साझा किए। उन्होंने दावा किया कि सुबह करीब 9.30 बजे पुलिस उनके घर पहुंची और उन्हें बाहर निकलने से रोका। पुलिस ने हिरासत के लिए कोई लिखित आदेश या दस्तावेज नहीं दिखाए। अधिकारियों ने कथित तौर पर बताया कि प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हो सकते हैं, इसलिए उन्हें रोका जा रहा था। एक तस्वीर में पूनावाला ने पुलिस अधिकारी से बिना आदेश हिरासत में लेने पर सवाल किया।

8 हजार मीटर ऊंची ब्रॉड पीक पर चढ़ रहे

### नेपाल के मशहूर पर्वतारोही निर्मल पुर्जा की पाकिस्तान में मौत

एजेंसी ▶▶ नेपाल

नेपाल के मशहूर पर्वतारोही निर्मल पुर्जा की पाकिस्तान में हिमस्खलन यानी एवलांच की चपेट में आने के बाद मौत हो गई। उनके निधन की पुष्टि उनकी ही पर्वतारोहण कंपनी एलीट एक्सपेडिशन ने की है। निर्मल पुर्जा 30 जुलाई को काराकोरम इलाके में 8,051 मीटर ऊंची ब्रॉड पीक की चोटी पर चढ़ाई कर रहे थे। इस दौरान करीब 7 हजार मीटर की ऊंचाई पर यह हादसा हुआ।

हिमस्खलन के बाद निर्मल पुर्जा समेत 10 पर्वतारोही लापता हो गए थे। इनमें छह नेपाली पर्वतारोही भी शामिल थे। नेपाल और दुनिया भर के पर्वतारोहियों के बीच 'निम्स दाइ' के नाम से मशहूर निर्मल पुर्जा ने 2019 में 'प्रोजेक्ट पॉसिबल' की शुरूआत की थी। उनका मकसद था दुनिया की 8 हजार मीटर से ऊंची सभी 14 चोटियों को सिर्फ सात महीने में फतह करना। उस समय इसे लगभग असंभव माना जा रहा था। निर्मल



पुर्जा ने यह कारनामा महज छह महीने और छह दिन में पूरा कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने दक्षिण कोरिया के पर्वतारोही किम चांग-हो का करीब 8 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। निर्मल पुर्जा ने पहली बार ब्रॉड पीक को 2019 में प्रोजेक्ट पॉसिबल के दौरान फतह किया था। दूसरी बार इस चोटी को उन्होंने 2023 में फतह किया। तब उन्होंने बिना सप्लीमेंट ऑक्सीजन के चढ़ाई की थी। इस चढ़ाई की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि उन्होंने पाकिस्तान की पांचों 8 हजार मीटर से ऊंची चोटियां (नंगा पर्वत, गाशरब्रुम-2, गाशरब्रुम-1, ब्रॉड पीक और के2) सिर्फ 26 दिनों में फतह कर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

### पत्नी ने पति के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या कर शव घर में दफनाया

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली से एक ऐसी वारदात सामने आई है जिसने सभी को चौंका दिया। यहां पत्नी ने अपने पति के साथ मिलकर कथित तौर पर प्रेमी की हत्या करने के बाद शव को घर के अंदर ही गड्ढा खोदकर दफना दिया। कई दिनों बाद शव से बदबू आने लगी तो ग्रामीणों को शक हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के अंदर खुदाई कर शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पत्नी रीता को हिरासत में ले लिया है तो वहीं पति फरार चल रहा है। रायबरेली में हुई यह सनसनीखेज वारदात डलमऊ थाना क्षेत्र के पूरे रजऊ मजरे मुस्तफाबाद बेलहनी गांव की है।

### भूत-प्रेत का डर दिखाकर महिला से ठगे 2.5 करोड़

**बेंगलुरु।** भूत-प्रेत भगाने को झांसा देकर एक महिला से 2.5 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत के आधार पर सीसीबी थाने में ढोंगी बाबा अफसर पाशा और बिचौलियों शंकर और भरत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मूल रूप से आंध्र प्रदेश की रहने वाली और फिलहाल चामराजपेट की निवासी कुमुदा से यह धोखाधड़ी हुई है।

## जंतर-मंतर प्रोटेस्ट-पीएम को गाली देने वाली लड़की ने माफी मांगी

### वीडियो में कहा- मैं 15 साल की, मेरी पहली और आखिरी गलती, दीपके बोले-क्या केस वापस होगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर पीएम मोदी को गाली देने वाली लड़की ने माफी मांगने का वीडियो जारी किया है। उसने कहा, मैं सिर्फ 15 साल की हूं, यह मेरी पहली और आखिरी गलती थी। मैं बहकावे में आ गई थी।

वीडियो सामने आने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने शनिवार को पूछा, क्या सरकार केस भी वापस लेगी। लड़की के खिलाफ 30 जुलाई



को नोएडा में केस दर्ज हुआ था। इधर, पीएम मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर रील शेयर की थी। इसमें उन्होंने कहा था, मुझे और मेरी मां को भद्दी-भद्दी गालियां देने वाले बच्चों को माफ करना चाहता हूं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यह लड़की हाथ जोड़कर अपने बयान पर माफी मांगती नजर आ रही है।

वीडियो में लड़की कहती है, मैं 15 साल की हूं। अपने दोस्तों के साथ कनॉट प्लेस घूमने गई थी। वहां छात्र प्रदर्शन चल रहा था और आसपास मौजूद कुछ लोग पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगा रहे थे। मैं उसी माहौल और भीड़ के बहकावे में आ गई।

गुजरात में हुई भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात

# केरल में भूस्खलन से 4 की मौत

### अमरनाथ यात्रा स्थगित, राजस्थान-बिहार समेत 18 राज्यों में अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात में शुक्रवार को हुई भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। सूरत में सबसे अधिक 24 इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि 12 अन्य क्षेत्रों में 10 इंच से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने शनिवार को गुजरात और केरल राज्य के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

केरल में भी लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन जैसे हालात हैं। इडुक्की और कोट्टायम जिलों में अलग-अलग भूस्खलन की घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और बिहार समेत 12 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-श्रीनगर हाईवे भारी बारिश के चलते बंद है। इसके चलते जम्मू से अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई है।



#### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटा

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में बादल फटने से कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठान और दुकानों में पानी घुसने से नुकसान हुआ है। बादल फटने की घटना रात 3.30 बजे हुई। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**गुजरात के नवसारी में बाढ़ जैसे हालात-** गुजरात के नवसारी में भारी बारिश के कारण कई निचले इलाकों में पानी भर गया। प्रशासन पूर्णा नदी के बढ़ते जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने तथा प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

**असम में बाढ़ से 82 लोगों की मौत-** असम में बाढ़ से पिछले 24 घंटे में दो और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 82 हो गई।

**उत्तरप्रदेश के 71 जिलों में बारिश का अलर्ट-** उत्तरप्रदेश में फिलहाल मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। लेकिन पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से गंगा, घाघरा-सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। इसका असर मैदानी इलाकों में भी दिख रहा है।

#### जम्मू से अमरनाथ यात्रा रोकी गई

शनिवार को जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से अमरनाथ यात्रा रोक दी गई, क्योंकि लगातार बारिश के कारण 250 किलोमीटर लंबा जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर जिले में हाईवे के लधा-समरोली हिस्से पर मरम्मत का काम चल रहा है, इसलिए तीर्थयात्रियों के किसी भी नए जत्थे को जम्मू बेस कैंप से कश्मीर घाटी के लिए जाने की इजाजत नहीं दी गई।



Mob.9179280723
MARKETED BY:
SOS INFRABULLS | MAHANTA GROUP
Gunjan Shrivastava
Mob.9179703509

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

# ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया...

धर्मनगरी में वैसे तो अनेक समस्या है जो सनातन हो चली है। मवेशी, श्वान जैसे कई मामले हैं। इनमें एक समस्या बेकाबू सी हो गई है। खास यह है कि यह समस्या आम आदमी और अधिकांश इसी शहर के निवासियों से संबंधित है और समस्या के लिए अधिकांश यही जिम्मेदार भी हैं। ये है यातायात की समस्या। इस समस्या रूपी रोग का ईलाज करने के लिए सफेद वर्दी धारी डाक्टर सडकों पर सतत रूप से कई बार इलाज करते देखे गए हैं। कई प्रयास एवं प्रयोगों के बावजूद इस समस्या रूपी रोग का निदान नहीं हो पा रहा है। हाल ही में इसके निदान के लिए नए आए जवानों को भी झोंक दिया गया है। चौराहों पर ये मात्र एक और खडे होकर पूरी व्यवस्था को देख रहे हैं नियंत्रण काफी हल्का है। एक जवान ने गुदरी चौराहा पर इस रोग पर मजबूती से नियंत्रण का प्रयास किया तो उसके साथ अभद्रता हो गई। ये बात अलग है कि बाद में वर्दी केंद्र ने अभद्रता करने वाले का रोग पूरी तरह से ही निकाल बाहर किया। हालत यह है कि पुराने शहर के साथ अब तो नए शहर में भी यह रोग जमकर फैल रहा है। यातायात के नियमों का पालन करने को लेकर बहुत ही कमजोर स्थिति उभरकर सामने आ रही है। अगर कहीं पाईंट पर पालन भी वर्दी को देखकर किया जा रहा है तो आधा अधुरा किया जा रहा है। लाल लाइट में रुकने वाले को दाएं जाना है और वह बाएं बिल्कुल कोने में जेब्रा लाइनों के पार खडा हो रहा है जैसे ही पॉइंट में ग्रीन लाइट होती है तो ऐसे में दुर्घटना की पूरी संभावना देखी जा रही है। इसके अलावा भी ऐसे-ऐसे करतब वाहन चालक करते दिखाई देते हैं जिन्हें देखने के बाद यह कहना मुश्किल है कि इन्हें वाहन चालन की अनुज्ञप्ति कैसे मिली और क्यों। यातायात के नियमों का पालन करने को मात्र कुछ अंश ही लोग तैयार रहते हैं कई बार तो उन्हें भी मजबूरी में नियमों को तोडकर निकलना पड रहा है। खुसूर-फुसूर है कि इस रोग के निदान को लेकर ही शहर का यातायात प्रदेश ही नहीं देश स्तर पर जहां चाहो जिधर चाहो मुड जाओ और वाहन को मनमर्जी से चलाओं के रूप में देखा और बोला जाता है। इस समस्या रूपी बीमारी के इलाज को लेकर अब तक जितने प्रयास किए गए है तकरीबन सभी नाकामयाब रहे हैं। अब तो जुमला चल निकला है कि ज्यों-ज्यों मर्ज का ईलाज किया त्यों-त्यों बढ़ता गया।

## न्यूज कॉलम

### पेंशनर्स संयुक्त मोर्चे का गठन भदोरिया अध्यक्ष मनोनीत

**उज्जैन।** जिले के विभिन्न पेंशनर्स संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश तिवारी ने की। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की प्रभावी पैरवी के उद्देश्य से संयुक्त मोर्चा पेंशनर्स संघ, जिला उज्जैन का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन उज्जैन, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संघ, उज्जैन जिला पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक संघ, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तथा सेवानिवृत्त इंजीनियर संघ के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रमोद सिंह भदोरिया को संयुक्त मोर्चे का अध्यक्ष, देवेंद्र व्यास को महामंत्री, चंद्रशेखर जोशी को कोषाध्यक्ष तथा अखिलेश तिवारी एवं अशोक दुबे को संयोजक मनोनीत किया गया।

## नैनो न्यूज

- विदेशी फूलों से सजा बटुक भैरव मंदिर, विशाल भंडारे का हुआ आयोजन
- सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में प्रेमचंद जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
- हरसिद्धि स्थित रामघाट मार्ग पर सावन भर मिलेगी भोजन प्रसादी,
- गुरु पूर्णिमा पर श्री रविदास सेवक संघ ने की संत रविदास महाराज की भव्य महाआरती
- मुख्यमंत्री मोहन यादव का किया स्वागत एवं यूसीसी लागू करने पर जताया आभार
- संगठन ने दी चेतावनी गौ माता के सम्मान में कानून नहीं बना तो उग्र आंदोलन करेगा
- सावन के पहले दिन सांसद संत उमेशनाथ महाराज के सानिध्य में हुआ आयोजन

## ट्रेंडिंग




### प्रशिक्षित 6 कर्मचारियों ने आयुर्वेद अस्पताल से नौकरी छोड़ी

# नवजात शिशु संरक्षा इकाई बनकर रह गई मात्र डे केयर युनिट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धन्वंतरी आयुर्वेद अस्पताल में न्यू बोर्न स्टेबलाईजेशन युनिट की सरकार ने स्थापना की है। इस इकाई की स्थापना के बाद जो लाभ आमजन को मिलना चाहिए था वैसा नहीं मिल पा रहा है। यह ईकाई मात्र दिन में ही डे केयर युनिट बनकर रह गई है। यहां प्रशिक्षित स्टाफ के अभाव के कारण ये हालात बने हैं।

धन्वंतरि आयुर्वेद अस्पताल में न्यू बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) शुरू हो चुकी है, जिसके बाद नवजात शिशुओं के इलाज और देखभाल की सुविधा फोरी तौर पर ही कागजों में मजबूत हो गई है। अस्पताल में हर माह 40 से 50 सामान्य और 7 से 8 सिजेरियन डिलीवरी हो रही है। बढ़ती डिलीवरी संख्या को देखते हुए नवजातों के बेहतर उपचार और त्वरित चिकित्सा सुविधा के लिए यह यूनिट शुरू की गई है।

### रात्रि के समय में इमरजेंसी में चरक अस्पताल ही बन रहा सहारा



### मात्र डे केयर युनिट

एनबीएसयू शुरू होने के बाद दिन और रात दोनों समय में बच्चों को इसकी सुविधा की स्थिति बनना थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। युनिट मात्र डे केयर बनकर रह गई है। इस युनिट में जन्म के तुरंत बाद सांस लेने में परेशानी, कम वजन, पीलिया या अन्य गंभीर लक्षणों से जूझ रहे नवजातों को तत्काल प्राथमिक उपचार की सुविधा है। अब भी दिन में तो जैसे-तैसे युनिट में ऐसी स्थिति में बच्चों को उपचार दिया जाता है लेकिन रात के समय में चरक अस्पताल की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) का ही सहारा लिया जा रहा है यानिकी रात में अब भी रैफर किया जा रहा है। एनबीएसयू यूनिट में अभी चार बेड हैं।

### इमरजेंसी केयर युनिट नहीं

धन्वंतरि कॉलेज में प्रसुति स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं नवजात संरक्षा ईकाई के प्रभारी डॉ. सिद्धेश्वर सतुआ बताते हैं कि हमारे पास पीड्रियेट्रीशन का अभाव है। रूटीन प्रसुति वोल बच्चों को इसमें रखा जा रहा है। ये डे केयर युनिट के रूप में संचलित हो रही है। इमरजेंसी केयर युनिट नहीं है। 6 प्रशिक्षित कर्मचारियों का स्टाफ यहां से छोड़कर अन्यत्र जा चुका है ऐसे में स्टाफ की कमी भी है। प्रतिमाह 40-50 प्रसुति होती है। 7-8 के लगभग शल्यक्रिया प्रसुति के मामले होते हैं। ऐसे में रात के समय में हमें चरक अस्पताल का ही सहारा है। वहीं रैफर किया जाता है।

### युनिट में ये आधुनिक सुविधाएं

एनबीएसयू में बेबी रेडिएंट वार्मर, फोटोथैरेपी यूनिट, ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम, वेंटिलेटर और इंफ्यूजन पंप जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन उपकरणों की मदद से नवजात शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद आवश्यक उपचार मिल रहा है।

### प्रशिक्षित स्टाफ छोड़ गया

फिलहाल युनिट का संचालन चार बेड से किया जाना सामने आ रहा है। इसके लिए नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सकों को भोपाल में विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। खास यह रहा कि प्रशिक्षित स्टाफ में से ही कई लोग यहां से इधर उधर हो गए। इससे यह डे केयर युनिट की भूमिका में आ गया है।

### आयुक्त ने जयसिंहपुरा एवं सवारी मार्ग चौड़ीकरण कार्य के निरीक्षण के बाद

# ठेकेदार की लापरवाही पर 2 लाख का जुर्माना

### रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य ने युद्ध स्तर की गति पकड़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शुक्रवार को एक बार फिर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने चौडीकरण कार्य में लापरवाही पर एजेंसी पर 2 लाख का जुर्माना लगाया है। उन्होंने गदा पुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक चौड़ीकरण कार्य, बाबा महाकाल सवारी मार्ग छत्री चौक से ढाबा रोड़ हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।

मार्ग चौड़ीकरण के अंतर्गत रविशंकर नगर जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक जिसकी लंबाई 1.35 किलोमीटर चौड़ाई 24 मीटर एवं कार्य की लागत राशि 18.95 करोड़ से चौड़ीकरण किया जा रहा है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जल प्रदाय, बारिश के दौरान जल भराव समस्या का निराकरण, नागरिकों के आवागमन आदि कार्यों को निर्बाध रूप से कराए। सम्बन्धित एजेंसी के द्वारा कार्य में धीमी गति एवं लापरवाही पाए जाने पर निगम आयुक्त द्वारा 2 लाख की पेनल्टी के निर्देश दिये, बाधक भवनों को हटाए जाने के साथ नाली निर्माण कार्य,पोल शिफ्टिंग, पेयजल लाइन के कार्यों को 7 अगस्त तक गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अधिकारियों को दिए।



### नागरिक सुविधा ध्यान रखें-आयुक्त

आयुक्त ने ठेका एजेंसी को स्पष्ट कहा कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवागमन को सुचारु बनाने हेतु मार्ग पर एक साइड से सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। एजेंसी के प्रतिनिधि को हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण कार्य में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी सम्बन्धित एजेंसी चौड़ीकरण कार्य में आवश्यक संसाधन बढ़ाए एवं कार्य को शीघ्र पूर्ण करे।

### कमरी मार्ग चौराहा कोबल पत्थर का कार्य पूर्ण

बाबा महाकाल सवारी मार्ग छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर एवं हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया। सवारी मार्ग पर कमरी मार्ग चौराहे पर कोबल पत्थर का कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि संपूर्ण सवारी मार्ग को विशेष सफाई टीम सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। मार्ग पर गिराऊ भवनों की गैलरी, छज्जे आदि की सतत मॉनिटरिंग भवन अधिकारी द्वारा की जाए। बाबा महाकाल सवारी के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पैदल भ्रमण किया जाएगा, सवारी मार्ग पर इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए चौड़ीकरण के दौरान निर्माण सामग्री एवं मलबे की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग पर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण,गेबियन वॉल एवं रिटर्निग वॉल का कार्य पूर्ण किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण कर शेष कार्यों को पूर्ण कर मार्ग को व्यवस्थित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## प्रकाश नगर में चार-पांच दिनों से भटक रही गाय को मालिक का इंतजार





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर के प्रकाश नगर क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से एक गाय लगातार भटकती हुई दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार गाय बेहद शांत और सीधी है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह किसी की पालतू गाय है जो रास्ता भटककर यहां पहुंच गई है।

रहवासियों ने बताया कि गाय कई दिनों से इधर-उधर घूम रही है और पर्याप्त चारा-पानी नहीं मिलने के कारण काफी परेशान नजर आ रही है। क्षेत्र के लोगों ने अपने स्तर पर उसे चारा-पानी देने का प्रयास किया है, लेकिन उसका वास्तविक मालिक अब तक सामने नहीं आया है।

गाय के कान में पीले रंग का टैग भी लगा हुआ है, जिस पर 105125/ 961328 नंबर अंकित दिखाई दे रहे हैं। इससे संभावना है कि उसकी पहचान आसानी से की जा सकती है।

स्थानीय नागरिकों ने अपील की है कि यदि यह गाय किसी की है या कोई इसके मालिक को पहचानता है, तो वह तत्काल प्रकाश नगर पहुंचकर गाय को अपने साथ ले जाए। समय रहते मालिक के मिलने से गाय को होने वाली परेशानी से बचाया जा सकेगा और उसे सुरक्षित उसके स्थान तक पहुंचाया जा सकेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर डॉ. आचार्य पाराशर का सारस्वत सम्मान



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन एवं उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग का समवेत 'गुरु सांदीपनि सम्मान समारोह 'नवनिर्मित गीता भवन के भव्य सभागार में आयोजित किया गया। गुरु सांदीपनि सम्मान समारोह में सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की डॉ. अम्बेडकर पीठ के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाराशर की उपलब्धियों एवं अवदानों को दृष्टिगत रखते कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार शर्मा एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के अध्यक्ष प्रो. नागेश्वर राव ने श्रीफल , उत्तरीय ओढ़ाकर एवं 'गुरु सांदीपनि सम्मान-पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया।

### हूटर-फ्लैश लाइट, अवैध स्टीकर एवं नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट पर होगी सख्त कार्रवाई

# आज से वाहनों की विशेष चेकिंग का अभियान

### उज्जैन की यातायात पुलिस को एक दिन पूर्व शाम तक इसकी कोई सूचना नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वाहनों में अनाधिकृत रूप से उपयोग किए जा रहे हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट (लाल, पीली एवं नीली बत्ती), वीआईपी एवं सरकारी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट तथा अवैध ब्लैक फिल्म (टिटेड ग्लास) को लेकर पुलिस सख्त होने वाली है। इसे लेकर पुलिस मुख्यालय ने 10 दिवसीय अभियान के निर्देश दिए हैं। इधर 1 अगस्त से शुरू होने वाले अभियान की उज्जैन यातायात पुलिस को एक दिन पूर्व संध्या तक कोई जानकारी नहीं थी।

मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में निजी वाहनों में अनाधिकृत रूप से उपयोग किए जा रहे हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट (लाल, पीली एवं नीली बत्ती), वीआईपी एवं सरकारी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट तथा अवैध ब्लैक फिल्म (टिटेड ग्लास) के विरुद्ध 01 अगस्त 2026 से 10 अगस्त 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस एवं समस्त थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिग अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष वाहन जांच की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार चालानी एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### ऐसे बचें कार्रवाई से



वाहन स्वामी एवं वाहन चालक अपने वाहनों की जांच कर लें तथा यदि वाहन में किसी प्रकार का अनाधिकृत हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट, सरकारी अथवा वीआईपी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट या ब्लैक फिल्म लगी हो तो उसे तत्काल हटवा लें। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों का पालन करें। वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण-पत्र, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण-पत्र अद्यतन रखें।

### इन बिदुओं पर जांच एवं कार्यवाही होगी

निजी वाहनों में लगाए गए अनाधिकृत हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न एवं लाल, पीली अथवा नीली फ्लैश लाइट (बत्ती)। निजी वाहनों पर लगाए गए वीआईपी, ऑन ड्यूटी, सरकार, प्रेस, पुलिस, एडव्होकेट, जज अथवा अन्य किसी प्रकार के अनाधिकृत स्टीकर, मोनोग्राम, प्रतीक चिन्ह एवं पदनाम। नियमों के विपरीत फैसी, परिवर्तित, अस्पष्ट, ढकी हुई अथवा मानक विनिर्देशों के अनुरूप नहीं होने वाली नम्बर प्लेट। चार पहिया वाहनों के शीशो पर लगाई गई अवैध ब्लैक फिल्म (टिटेड ग्लास)। अन्य यातायात नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन।

### उज्जैन यातायात को कोई जानकारी नहीं

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार से शुरू होने वाली 10 दिवसीय अभियान की उज्जैन के यातायात पुलिस को कोई जानकारी एक दिन पूर्व संध्या तक नहीं थी। इसे लेकर यातायात डीएसपी डीएसपी दिलीपसिंह परिहार का कहना था कि उनकी जानकारी में ऐसे किसी अभियान को लेकर संदेश आया हो नहीं हैं। डीएसपी विक्रमसिंह कनपुरिया का कहना था कि ऐसा संदेश देखने में नहीं आया है अगर देर शाम को ई-मेल पर कोई संदेश मिला होगा तो देखा जाएगा। दोनों ही अधिकारियों ने कहा कि अभियान होगा तो कार्रवाई मुख्यालय निर्देशानुसार संचालित की जाएगी।

### 16 राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने लिया जाप का संकल्प

# सावन के प्रथम दिन 51 लाख 'ॐ नमः शिवाय' जाप

### उज्जैन के 250 स्थानों पर पूरे सावन चलेगा जाप अभियान, विदेशों तक पहुंचेगा शिव नाम का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकालेश्वर की पावन नगरी उज्जैन में सावन माह के प्रथम दिवस पर शिवभक्ति का भव्य और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम में आयोजित सामूहिक 'ॐ नमः शिवाय' जाप में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने लगभग दो घंटे तक एकाग्रचित्त होकर शिव नाम का स्मरण किया। इस दौरान करीब 51 लाख 'ॐ नमः शिवाय' मंत्रों का जाप किया गया।

यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद परम पूज्य राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज की प्रेरणा से ॐ नमः शिवाय जप समिति एवं श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा निरंतर किया जा रहा है। संस्था के अनुसार पूरे सावन माह में मठ-मंदिरों, स्कूल-कॉलेजों और विभिन्न सामाजिक स्थलों पर सामूहिक जाप का आयोजन किया जाता है।



### शिव भक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा

कार्यक्रम में 16 राज्यों से पहुंचे शिष्य एवं श्रद्धालुओं ने अपने-अपने शहरों में भी सामूहिक 'ॐ नमः शिवाय' जाप आयोजित करने का संकल्प लिया। समिति ने बताया कि इस वर्ष उज्जैन शहर के लगभग 250 स्थानों पर पूरे सावन माह में शिव नाम संकीर्तन एवं जाप का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य देशों में भी इस अभियान के माध्यम से शिव भक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा। जाप के पश्चात श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार, 02 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### तीन जगहों पर आयोजित किये गए राजस्व शिविर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए दिए गए निर्देशों के अनुरूप इंदौर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए राजस्व निरीक्षक वृत्त स्तर पर विशेष राजस्व जनकल्याण शिविरों का आयोजन किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव में ही राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा वर्षों से लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की हातोद तहसील के ग्राम सुमठा, खुडैल तहसील के खुड़ैल खुर्द तथा महू तहसील के मानपुर में राजस्व जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए।

### 3 को लगेगा एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला

**इंदौर।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 3 अगस्त को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नन्दानगर (परदेशीपुरा) में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उप संचालक रोजगार पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में अनेक प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा 650 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें ऑफिस बॉय, कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव, बैक ऑफिस एसोसिएट आदि विभिन्न पद शामिल है।

### अवैध भंडारण और रिफिलिंग पर खाद्य विभाग की बड़ी छापामार कार्रवाई

**इंदौर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, रिफिलिंग एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार 31 जुलाई 2026 को खाद्य विभाग के संयुक्त निरीक्षण दल ने सघन कार्रवाई की। सहायक आपूर्ति अधिकारी एन.एस. मुवेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता एवं सुचिता दुबे के संयुक्त दल ने सागौर कुटी, धर्मकुंज गेट के पास स्थित एक परिसर पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान गुलाब शाह द्वारा अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण एवं कारोबार किया जाना पाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से अवैध रूप से संग्रहित 17 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। आरोपी गुलाब शाह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम - 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

### जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी बनेगी एम्स




**जबलपुर।** जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी को एम्स बनाया जाएगा।यहां के नागरिकों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। यह घोषणा शनिवार को नगर निगम द्वारा आयोजित 362 करोड रुपए की लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन समारोह के के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की।इसके अलावा उन्होंने जबलपुर में फर्नीचर क्लस्टर बनाने सहित हर विधानसभा क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय बनाने की घोषणा की। घंटाघर स्थित गीता भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 362.31 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अमृत 1.0 सीवेज परियोजना का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री सिविल लाइन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त माडर्न लान्ड्री की सौगात दी। गुरंदी में 2.5 करोड़ रुपये की लागत से तैयार नए पक्के मत्स्य बाजार का भीलोकार्पण किया। यहां 55 मछली कारोबारियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त दुकानें मिलेंगी। कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को डिजिटल कार्ड प्रदान किए।

### बिचौली हप्सी में राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर।** जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे करने तथा अवैध कालोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को बिचौली हप्सी अनुभाग में प्रभावी एवं बड़ी कार्रवाई की गई।

## नैनो न्यूज

- कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।
- कूनो चीता परियोजना पर सूचना आयोग सख्त।
- मध्य प्रदेश को पहली बार महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी मिली।
- तेंदुआ शिकार मामले में जांच तेज।
- दतिया विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर नजरें।
- भोपाल में मेट्रो फीडर ई-बस सेवा का ट्रायल।
- मानसून के चलते कई जिलों में जलभराव।
- अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों से खेल अवसंरचना को बढ़ावा।
- वन्यजीव संरक्षण पर चिंता और निगरानी तेज।

---

भाजपा संगठनात्मक ढांचे को व्यापक और धरातल तक सुदृढता प्रदान करने की ओर

# विधायक बनेंगे विशेष आमंत्रित सदस्य, उज्जैन से संभावना कम

## मुख्यमंत्री खुद समन्वय में एवं खाचरौद विधायक पूर्व से ही संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश में भाजपा संगठनात्मक ढांचे को व्यापक और सुदृढता प्रदान करने के लिए तैयारी कर रही है। स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश तक इसे जोडने को लेकर कवायद की जाना है। इसके चलते विधायकों समेत प्रदेश भर के मंत्रियों और सांसदों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया जाएगा। उज्जैन में मुख्यमंत्री सहित 5 भाजपा के विधायक हैं। ऐसे में शेष 4 में से किसे वजूद मिलता है यह अपने आप में महत्वपूर्ण है।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में होने वाली पहली प्रदेश कार्यसमिति बैठक अब अगस्त में आयोजित होगी। इससे पहले पार्टी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, निगम-मंडल पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल करेगी। पार्टी का मानना है कि इससे सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को धरातल स्तर तक गति मिलेगी। ओरछा में प्रस्तावित कार्यसमिति बैठक दतिया विधानसभा उपचुनाव और विधानसभा के मानसून सत्र के कारण स्थगित कर दी गई थी। अब चुनावी व्यस्तताएं समाप्त होने के बाद संगठन इसे अधिक व्यापक स्वरूप में आयोजित करने की तैयारी कर रहा है।

### बूथ प्रबंधन पर फोकस

आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को देखते हुए भाजपा संगठन अब अपने सभी प्रभावशाली नेताओं और जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देना चाहती है। पार्टी नेतृत्व का यह स्पष्ट मानना है कि चुनावी सफलता की सबसे मजबूत नींव बूथ स्तर का संगठन ही होती है। इसी मुख्य कारण के चलते बैठक में बूथ प्रबंधन, पन्ना प्रमुख व्यवस्था, सक्रिय कार्यकर्ता नेटवर्क और जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। नई कार्यसमिति में लगभग 35 महिला नेताओं को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है जिससे चुनावी मैदान में पार्टी का सामाजिक संतुलन और अधिक दुरुस्त नजर आएगा।

### उज्जैन से दो, अब संभावना क्षीण

मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं एवं सीधे संगठन के पूरे समन्वय में हैं। इसके साथ ही खाचरौद विधायक डा.तेजबहादुरसिंह चौहान सत्ता एवं संगठन दोनों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में हैं। वे विधायक के साथ संगठन में भोपाल संभाग के प्रभारी हैं। ऐसे में उज्जैन से तीसरे विधायक को विशेष आमंत्रित में संगठन शामिल करे इसकी संभावना क्षीण ही है।

### 100 से अधिक नेता बनेंगे नई कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य

प्रदेश भाजपा द्वारा गठित होने वाली नई कार्यसमिति में 100 से अधिक विशेष आमंत्रित सदस्यों को शामिल किए जाने की पूरी संभावना है। हाल ही में गठित प्रदेश स्तरीय समितियों में कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी जगह नहीं बना पाए थे। अब संगठन उन्हें निर्णय प्रक्रिया से जोड़ने के लिए विशेष आमंत्रित सदस्य का दर्जा देगा, ताकि संगठनात्मक बैठकों में उनकी सक्रिय भागीदारी हर हाल में सुनिश्चित हो सके। अगस्त में प्रस्तावित दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक को आगामी चुनावों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का यह साफ तौर पर मानना है कि सदस्यों की संख्या बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना ही नहीं है, बल्कि सरकार और संगठन के बीच के संवाद को और अधिक प्रभावी बनाना भी है।

---

शैलेन्द्र पालीवाल अब जनसुनवाई की शिकायत में घिरा

# इलाज के लिए लिया था 3 लाख, मांग रहा 12 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तीन लाख रुपये उधार लेने के बाद लाखों रुपये वसूलने और लगातार मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाते हुए एक युवती ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में युवती ने आरोप लगाया कि पिता के कैंसर के इलाज के लिए वर्ष 2022 में शैलेन्द्र पालीवाल नामक व्यक्ति से करीब 3 लाख रुपये उधार लिए थे। बाद में पैसे देने बाद भी उससे 12 लाख रुपये की मांग की जा रही है।

शिकायत के अनुसार, एक सप्ताह पहले भी युवती ने 1 लाख रुपये आरोपी को दिए, लेकिन इसके बावजूद कथित रूप से एकमुश्त 12 लाख रुपये जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। युवती का आरोप है कि पैसे नहीं देने पर उसके खिलाफ कार्रवाई कराने और परेशान करने की धमकी दी जा रही है। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि पिता का कैंसर से निधन हो चुका है। परिवार में वृद्ध मां और पढ़ाई कर रही छोटी बहन की जिम्मेदारी अब उसी पर है। आरोप है कि छोटी बहन के बैंक खाते का सुरक्षा के तौर पर दिया गया चेक बैंक में लगाने और चेक बाउंस का केस दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी जा रही है। युवती ने शिकायत में यह भी कहा है कि उसकी मां पिछले करीब 10 वर्षों से आरोपी के घर पर काम करती हैं।




### आरोपी देर रात फोन कर लगातार मानसिक रूप से कर रहा है प्रताड़ित

युवती ने दावा किया कि इस संबंध में बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है। आरोपी देर रात फोन कर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है और कहता है कि हमें तो पैसे निकालना है, जैसे भी निकाल लेंगे। पीड़िता ने जनसुनवाई में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी दोनों पक्षों के बीच थाने में समझौता हुआ था, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके बाद भी कथित प्रताड़ना और पैसों की मांग बंद नहीं हुई।



# पलाश परिसर-2 की पानी की टंकी बनी 'वाटरफॉल'

## हजारों लीटर नर्मदा जल बर्बाद, जिम्मेदार मौन... हादसे का भी खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पलाश परिसर-2 स्थित ओमेक्स हिल्स के पास बनी पानी की टंकी इन दिनों किसी झरने से कम नजर नहीं आ रही है। टंकी से लगातार नर्मदा का पानी तेजी से बह रहा है, जिससे रोजाना हजारों लीटर अमूल्य जल व्यर्थ सड़क पर बह रहा है। हैरानी की बात यह है कि लंबे समय से पानी की बबार्दी जारी रहने के बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

टंकी से लगातार गिर रहे पानी के कारण आसपास की सड़क और परिसर में फिसलन बढ़ गई है। इससे दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय रहवासियों के लिए हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते लीकेज ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

स्थानीय सूत्रों का कहना हैं की कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। एक ओर शहर के कई हिस्सों में पानी की किल्लत की शिकायतें सामने आती रहती हैं, वहीं दूसरी ओर यहां नर्मदा का हजारों लीटर पानी खुलेआम बर्बाद हो रहा है। रहवासियों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से तत्काल मरम्मत कर पानी की बबार्दी रोकने, सुरक्षा के इंतजाम

---

16 अगस्त से पहले निपटा लें ई-केवाईसी..

# मप्र के 39.84 लाख ग्राहकों का कटेगा गैस सिलिंडर कनेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। गैस कंपनियों ने आधार आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी को लेकर उपभोक्ताओं को रटर भेजना शुरू कर दिया है। 16 अगस्त तक ई-केवाईसी पूरी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को घरेलू दर पर एलपीजी सिलिंडर मिलने में परेशानी हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में कंपनियों की ओर से अभी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। मध्य प्रदेश में 1.73 करोड़ सक्रिय घरेलू गैस उपभोक्ताओं में से 39.84 लाख यानी 22.21 प्रतिशत उपभोक्ताओं का सत्यापन अभी बाकी है। वहीं, भोपाल में 7.55 लाख उपभोक्ताओं में से 1.94 लाख की ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई है।




### कमर्शियल दर पर सिलेंडर लेने की आशंका

गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, समय पर ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को घरेलू सिलिंडर के बजाय गैर-घरेलू दर पर सिलिंडर लेना पड़ सकता है। फिलहाल 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत 947.50 रुपये और 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2,935 रुपये है। उपभोक्ता तीन माध्यमों से ई-केवाईसी करा सकते हैं। पहला, क्ल्र्ल्लि ड्' डठए ऐप के जरिए घर बैठे प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। दूसरा, आधार और गैस कनेक्शन से संबंधित दस्तावेज लेकर अपनी गैस एजेंसी पर जाकर सत्यापन कराया जा सकता है। तीसरा, सिलेंडर की डिलीवरी के समय अधिकृत कर्मचारी की सहायता से भी ई-केवाईसी कराई जा सकती है।

---

परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थी की त्रिस्तरीय जांच की जाएगी

# सहायक प्राध्यापक की परीक्षा आज होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2025 (भाग-2) का आयोजन 2 अगस्त(रविवार) को ऑफलाइन पद्धति से किया जाएगा। परीक्षा अग्रांकित 6 विषयों के लिए दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक इंदौर एवं भोपाल संभाग के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगा।

परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर नवीन त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया लागू की गई है। इसके अंतर्गत सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से तलाशी तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं की जाएंगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 90 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रवेश से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी की त्रिस्तरीय जांच की जाएगी। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर अनुमत एवं प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची प्रदर्शित रहेगी, जिसका पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों की तलाशी हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से की जाएगी। पुरुष अभ्यर्थियों की जांच पुरुष वीक्षकों द्वारा तथा महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा पृथक केबिन में की जाएगी। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को अपनी सुविधा अनुसार महिला अथवा पुरुष कर्मचारी से जांच कराने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। परीक्षार्थी अपने साथ केवल बॉलपेन, पारदर्शी पानी की बोतल, ई-प्रवेश पत्र तथा वैध फोटो पहचान पत्र ही परीक्षा केंद्र पर ला सकेंगे। अन्य किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री ु ले जाने की अनुमति नहीं होगी। आयोग ने अपील की है कि सभी निदेर्शों का पालन करते हुए निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचें।

### असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 का परिणाम जारी किया

परीक्षा से पहले एमपीपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 के इकोनॉमिक्स विषय के 112 (87 फीसदी भाग में शामिल) पदों की फाइनल सिलेक्शन लिस्ट गुरुवार रात को ही जारी कर दी। खास बात यह है कि इंटरव्यू खत्म होने के महज 24 घंटे के भीतर ही यह लिस्ट जारी कर दी। ऐसा इसलिए किया ताकि 2 अगस्त को होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा 2025 में ये अभ्यर्थी शामिल न हों। आम तौर पर इंटरव्यू खत्म होने के एक माह में चयन सूची जारी की जाती है। 2 अगस्त को जिन 6 विषयों के लिए परीक्षा होना है, उनमें अर्थशास्त्र के भी 72 पद हैं। कुल 400 से ज्यादा पदों के लिए 21 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अब चयन सूची आने से चयनित हुए अभ्यर्थी परीक्षा में नहीं बैठेंगे।

---

इंदौर की बदलती तस्वीर: शहर में लगने वाले मेले, कजरी की गूंज और रस्सियों के झूले अब सिर्फ यादों में

# सावन आया... पर पेड़ों की डालियों पर झूले नहीं लौटे

## जब सावन की पहचान होता था इंदौर के गांधी हॉल का मेला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पहली बारिश के साथ जैसे ही सावन की दस्तक होती थी, इंदौर का माहौल अपने आप बदल जाता था। शहर की हवाओं में मिट्टी की सौंधी खुशबू घुलती थी और बड़े-बड़े बरगद, पीपल, नीम व आम के पेड़ों की मजबूत डालियों पर मोटी रस्सियों के झूले पड़ जाते थे। महिलाएं कजरी गाती थीं, बच्चे झूलों के लिए कतार लगाते थे और पूरा शहर मानो प्रकृति के उत्सव में शामिल हो जाता था।

आज भी सावन आता है, बारिश भी होती है, लेकिन झूले नहीं पड़ते। पेड़ खामोश हैं, बगीचे सूने हैं और नई पीढ़ी के लिए सावन का मतलब केवल सोशल मीडिया, मोबाइल स्क्रीन और मनोरंजन पार्कों के इलेक्ट्रिक झूले रह गया है। एक समय था जब इंदौर के गांधी हॉल सहित शहर के कई प्रमुख स्थानों पर सावन के मेले लगते थे। दूर-दूर से परिवार यहां पहुंचते थे। झूलों के साथ खिलौनों की दुकानें, कुल्फी, बर्फ के गोले, चाट-पकौड़ी, मिट्टी के बर्तन और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां इन मेलों की पहचान थीं। बच्चों की हंसी और लोकगीतों की गूंज देर रात तक सुनाई देती थी। आज इन्हीं स्थानों के आसपास की रौनक बदल चुकी है। मेले सीमित हो गए हैं और पारंपरिक झूलों की जगह आधुनिक राइड्स ने ले ली है। शहर के कई बुजुर्ग बताते हैं कि पहले सावन केवल मौसम नहीं, बल्कि रिश्तों और समाज को जोड़ने वाला पर्व था। महिलाएं समूह में झूला झूलती थीं, लोकगीत गूंजते थे और पूरा मोहल्ला एक परिवार जैसा लगता था। आज वह अपनापन और सामूहिक उल्लास कहीं खो गया है।

### पेड़ों की डालियों से मॉल तक का सफर

इंदौर का तेजी से हुआ शहरीकरण विकास की पहचान जरूर बना, लेकिन इसके साथ शहर ने अपनी कई सांस्कृतिक परंपराएं भी खो दीं। बड़े पेड़ों की जगह कंक्रीट की इमारतों ने ले ली। मोहल्लों की चौपालें खत्म हो गईं और बच्चों का बचपन मोबाइल स्क्रीन में सिमट गया। जो बच्चे कभी बारिश में भीगते हुए पेड़ों पर झूला झूलते थे, आज उनके बच्चे वातानुकूलित मॉल में मशीन से चलने वाले झूलों को ही सावन का आनंद समझते हैं।



### सिर्फ झूले नहीं, एक पूरी संस्कृति खो गई

झूलों का गायब होना केवल एक परंपरा का समाप्त होना नहीं है। यह उस लोक संस्कृति के धीरे-धीरे खत्म होने का संकेत है, जिसने पीढ़ियों को प्रकृति, परिवार और समाज से जोड़े रखा। यदि आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है तो नगर निगम, सामाजिक संस्थाओं और सांस्कृतिक संगठनों को फिर से पारंपरिक सावन उत्सव शुरू करने होंगे। आज भी शहर में कई पुराने बरगद और पीपल के पेड़ मौजूद हैं। जरूरत केवल इच्छा शक्ति की है। यदि सुरक्षित तरीके से सार्वजनिक स्थलों पर पारंपरिक झूले लगाए जाएं, लोकगीतों के कार्यक्रम हों और सावन मेले फिर से जीवंत किए जाएं तो नई पीढ़ी किताबों और फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी आंखों से असली सावन देख सकेगी। सावन आज भी हर साल आता है, लेकिन अब वह केवल कैलेंडर में दिखाई देता है। असली सावन तो शायद वहीं रह गया है, जहां किसी बरगद की डाल पर बंधा झूला हवा के साथ मुस्कुराता था और पूरे मोहल्ले की हंसी उसके साथ झूलती थी।

# 4 करोड़ रुपए मूल्य की शासकीय भूमि कराई गई अतिक्रमण मुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कनाडिया श्री दीपक चौहान के नेतृत्व में ग्राम खेमाना एवं चौहानखेड़ी की कांकड़ स्थित शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ता श्री जीवन गोयल द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाकर लगभग 0.549 हेक्टेयर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 4 करोड़ रुपये है। राजस्व अमले की उपस्थिति में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के समन्वित प्रयासों से कार्रवाई सफलतापूर्वक पूरी की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान जिले में पूरी गंभीरता के साथ निरंतर जारी रहेगा। शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# मृत्यु भय से मुक्ति?



भय क्या है? भय सिर्फ एक विचार है। यदि आत्मा के अलावा और कोई हो, तब तो भय का कारण है। कौन वस्तुओं को आत्मा से भिन्न देखता है? पहले अहंकार उत्पन्न होता है और फिर मनुष्य पदार्थों को बाहर देखता है। यदि अहंकार उत्पन्न न हो, तो केवल आत्मा होती है और कोई पदार्थ बाहर नहीं होता। स्वयं से बाहर किसी पदार्थ का होना, अंदर द्रष्टा का अस्तित्व सूचित करता है। उसे वहां ढूंढ़ने से संदेह और भय नष्ट होते हैं। न केवल भय, बल्कि अहंकार से जुड़े हुए सब विचार व भाव उसके साथ ही नष्ट हो जाते हैं।

भय आपको कब होता है? गहरी नींद में जब आप अपने शरीर को नहीं देखते, तब भय होता है क्या? वह आपके पीछे तब लग जाता है, जब आप पूरी तरह जाग्रत होकर शरीर और जगत को देखते हैं। यदि आप गहरी नींद की तरह शुद्ध आत्मरूप से रहें और इनको न देखें, तो भय आपका स्पर्श ही नहीं कर सकता।

यदि आप तलाश करें कि किस चीज के नाश की आशंका से भय होता है, तो मालूम होगा कि वह चीज शरीर नहीं, बल्कि उसमें रहकर कार्य करने वाला मन है। कई लोग इस रोगायतन और सब समस्याओं व असुविधाओं के जनक शरीर से मुक्त रहना पसंद करेंगे, यदि वे निरंतर बनी रहने वाली चेतना की सुरक्षा के बारे में आश्वस्त हों।

मन शरीर के नाश से नहीं, बल्कि चेतना के नाश से भयभीत होता है। लोग अस्तित्व को पसंद करते हैं, क्योंकि वह शाश्वत चैतन्य है, जो उनकी अपनी आत्मा है। तो क्यों न हम अभी से, शरीर में रहते हुए ही शुद्ध चैतन्य का अवलंबन करके सब प्रकार के भय से मुक्त हो जाएं?



सम्पादकीय

## परीक्षा में फिर सेंध

परीक्षाओं को लेकर आ रही शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब शिकायत के स्वर ओडिशा में तेज हैं और झारखंड में भी। ऐसा लग रहा है, मानो कोई राज्य ऐसी शिकायतों से अछूता नहीं रहेगा। प्रश्नपत्र पहले भी लीक होते थे, परीक्षाओं में भी गड़बड़ी की शिकायतें आती थीं, पर देश में यह नया बदलाव है, जब छात्र अपनी बात रखने या आंदोलन छेड़ने में पीछे नहीं रह रहे। यह भी दिलचस्प है कि ऐसे आंदोलन-प्रदर्शन में हरेक राज्य में विपक्षी दलों को सड़क पर आने का मौका मिल रहा है। बहरहाल, पहले बात ओडिशा की। ओडिशा मेडिकल स्नातकोत्तर परीक्षा के प्रश्नपत्र की तस्वीरें कथित तौर पर परीक्षा के दौरान वाट्एसप पर प्रसारित होने के बाद आंतरिक जांच शुरू की गई है। अधिकारियों का कहना है कि यह पेपर लीक नहीं है, बल्कि परीक्षा शुरू होने के बाद प्रश्नपत्र ऑनलाइन शेयर किया गया है। ऐसा लगता है, प्रश्नपत्र बांटे जाने के तुरंत बाद परीक्षा हॉल से प्रश्नपत्र बाहर आ गया। यह जांच का विषय होना चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ? क्या किसी प्रश्नपत्र की गोपनीयता परीक्षा खत्म होने तक सुनिश्चित नहीं रहनी चाहिए? क्या परीक्षा शुरू होते ही प्रश्नपत्र का बाहर आ जाना अपराध नहीं है? इन प्रश्नों के उत्तर स्पष्ट होने चाहिए।

यह ध्यान देने की बात है कि प्रश्नपत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक व शिक्षाकर्मियों पर सबसे ज्यादा है। यदि परीक्षा से जुड़े लोग यह ठान लें कि प्रश्नपत्र चोरी को रोकना है, तो परीक्षाओं की मर्यादा बचेगी। कोई संदेह नहीं कि प्रश्नपत्र चोरी से शिक्षकों का ही सर्वाधिक अपमान होता है, यह नाकामी शिक्षकों के ही माथे आती है, अतः शिक्षकों में सजगता बढ़नी चाहिए। कड़े कानून अपनी जगह हैं, उनके इस्तेमाल की नौबत आने से पहले ही शिक्षकों को सतर्क हो जाना चाहिए। कड़े कानून लागू होने देने में शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की बड़ी भूमिका रहेगी। क्या वेतन-भत्ते के लिए सजग रहने वाले शिक्षक संगठन इस मोर्चे पर सक्रिय हैं? क्या शिक्षा बिरादरी यह मानकर चल रही है कि परीक्षा में गड़बड़ी करना कोई अपराध नहीं है या अगर अपराध है, तो सजा नहीं होने वाली है? वास्तव में, मैं कुछ भी गलत करूंगा और मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा जैसी आपराधिक मनमानी का अंत होना चाहिए। बहुत गंभीर बात है कि प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर देश के शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हुआ है। इस इस्तीफे के मायने शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की समझ में आने चाहिए। अफसोस, अगर गंभीरता समझ में आती और जिम्मेदार लोगों को अपने कर्तव्य का एहसास होता, तो नीट पेपर लीक के बाद देश में एक भी पेपर लीक न हुआ होता।

### संदर्भः- पीओके चुनावी हिंसा में 37 लोगों की मौत

## पाक अधिकृत कश्मीर में बदलाव की तस्वीर



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में क्षेत्रीय विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया में लगातार हालात हिंसक एवं तनावपूर्ण हुए हैं। रावलकोट और मीरपुर में हिंसा के चलते संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोली चलाकर 37 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। मानवाधिकार संगठनों ने पीओजेके के इन हालातों पर गंभीर चिंता जताई है। गौरतलब है कि जेएएसी पिछले करीब दो माह से पीओजेके की तथाकथित विधानसभा की 12 विवादित सीटों को लेकर आंदोलन चला रही है। संगठन का आरोप है कि ये शरणार्थी निर्वाचन क्षेत्र उन मतदाताओं को जरूरत से ज्यादा महत्व देते हैं, जो पीओजेके के मूल निवासी नहीं है। इनमें से ज्यादातर की वैधानिक पुष्टि भी नहीं हुई है। पाकिस्तान सरकार इन सीटों के जरिए अपनी पसंद की सरकार चुनवा कर मर्जी का प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। इसी मनमानी को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इसके अलावा बिजली, सस्ता आटा और अन्य खाद्य सामग्री की कमी भी आक्रोश का कारण बनी हुई है। भारत ने इन इन चुनावों को पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश कहा है। जबकि यह भारत का अभिन्न हिस्सा है।

पीओजेके में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। चुनावों में कुल 45 सीटों में से 12 सीटें शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। किंतु गुलाम जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटें मंजूर नहीं हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के लोग जबरदस्त विरोध पर उतर आए हैं। इस विरोध के चलते पहले 46 प्रदर्शनकारी और अब मतदान के दौरान 37 लोग मारे जा चुके हैं, सैंकड़ों लोग घायल हैं। पाक आर्मी और पुलिस के इस दमन एवं नरसंहार से आंदोलनकारियों का गुस्सा और भड़क गया है। इस जोश और नाराजगी को दबाने के लिए पूंछ, मीरपुर एवं मुजफ्फराबाद में बड़ी संख्या में अतिरिक्त अर्ध सैनिक बल तैनात कर दिए हैं। दरअसल लोगों का गुस्सा इसलिए फूट रहा है, क्योंकि ये चुनाव अंतरराष्ट्रीय समुदाय एवं मानवाधिकार आयोग को यह दिखाने के लिए कराए जा रहे हैं कि पाकिस्तान लोकतंत्र का पैरोकार है। लेकिन यह पूरा नाटक फरेब की नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। भारत भी इस चुनाव के विरोध में है।

इस विरोध का प्रमुख कारण पीओजेके में विधानसभा की 45 निर्वाचित सीटों में से 12 सीटों का शरणार्थियों के लिए आरक्षित करना है। जेएएसी का आरोप है कि इन सीटों के कारण स्थानीय लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। संगठन लंबे समय से इन सीटों को समाप्त करने की मांग कर रहा है। चुनाव के ठीक पहले यह मुद्दा राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील बन गया है। इस मुद्दे के साथ-साथ आमजन बढ़ती महंगाई, गेंहूं, और आटे की उपलब्धता में कमी, बिजली की दरों में वृद्धि, बेरोजगारी तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारों की मांग को भी आगे बढ़ा रहा है। दरअसल शरणार्थियों के लिए सीटें आरक्षित करने का मतलब, स्थानीय लोगों को जनप्रतिनिधित्व से बहिष्कृत करने का संवैधानिक उपाय पाकिस्तान ने मान लिया है। अतएव ये चुनावी फरेब पीओजेके पर अवैध कब्जे को वैध ठहराने का उपाय भर है। पाकिस्तान इस चुनाव के जरिए यह जताने का उपक्रम कर लेता है कि वह लोकतंत्र का पक्षधर होने के साथ भू-राजनीतिक शक्ति भी है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत को इस चुनावी हथकंडे को राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के परिदृष्य में इसे एक बड़े मुद्दे के रूप में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेश करने के साथ हस्तक्षेप की मांग करने की जरूरत है। हालांकि पीओके में हुई हिंसा को लेकर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाक पर करारा हमला बोला है। कहा है कि पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी ठहराना चाहिए। पाकिस्तान अपनी आंतरिक विफलताओं को छुपाने और मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान भटकाने के लिए झूठी खबरों और फर्जी वीडियो का सहारा ले रहा है। जबकि पीओजेके में आर्मी और पुलिस ने बर्बर कार्यवाही की है। हम उम्मीद करते है कि विश्व समुदाय पाक के इन कृत्यों के लिए उसे जवाबदेह ठहराएगा।

इसी बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के गलियारों से ऐसी खबर आई है, जिसने आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक कूटनीति के दोहरे मानदंडों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिशद (यूएनएससी) में पाकिस्तान और चीन की एक साझा बौर बेहद महत्वाकांक्षी कोशिश को अमेरिका ने पूरी तरह से असफल कर दिया। इन दोनों देशों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर अमेरिका ने फ्रांस और ब्रिटेन के साथ मिलकर वीटो लगा दिया है। जबकि दिलचस्प बात है कि खुद अमेरिका ने 2019 में बीएलए और मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू फारेन टेररिस्ट आर्गेनाईजेशन सूची में शामिल किया था। बावजूद वैष्विक मंच पर चीन और पाकिस्तान के इस साझा प्रस्ताव को अमेरिका और उसके पष्चिमी सहयोगियों द्वारा रोका जाना एक बड़ा कूटनीतिक संदेश है। यह वही चीन है, जिसने अतीत में भारत और अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों को वैष्विक प्रतिबंधित आतंकवादी सूची में डालने से जुड़े कई प्रस्तावों पर वीटों लगा दिया था। सुरक्षा परिशद् का यह घटनाक्रम संकेत देता है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरहदों पर ही नहीं बल्कि बंद कमरों में भी कुटिल कूटनीति के लिए लड़ी जाती है। पीओजेके में वर्तमान नरसंहार को लेकर ब्रिटेन के 50 सांसदों ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदायों के समक्ष चिंता जताई है। भारत को पीओजेके में उभरे इस आंतरिक संकट और नरसंहार से सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि धूर्त पाकिस्तान इस ओट में अपनी पुरानी और नापाक चालें चलते हुए प्रशिक्षित आतंकियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने की चाल चल सकता है। हालांकि भारतीय खुफिया एजेंसी आईबी ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ इस अराजकता और खून-खराबे की आड़ में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ कराकर जम्मू-कष्मीर तथा भारत के अन्य नगरों में हिंसा व अशांति फैलाने की द्दश्टि से आत्मघाती हमले करा सकती है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। इधर पीओजेके में आमजनों पर सुरक्षा बलों की बर्बरता को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उचित ठहराया है।

## राशन कार्ड पर लगा अंगूठा

कस्बे की अनाज मंडी के नुक्कड़ पर बनी सरकारी राशन की दुकान हर महीने की पहली तारीख को किसी मेले जैसी नजर आती थी जहाँ भूखे पेट और सूखी उम्मीदों का हुजूम भोर से ही अपनी बारी के इंतजार में खड़ा हो जाता था। उसी लंबी कतार के सबसे कोने में जर्जर शरीर और हाथों में खाली थैला थामे हरगोविंद दादा रोज आकर खड़े हो जाते थे। गाँव भर के लोग जानते थे कि दादा की आँखों की रोशनी भले ही मंद पड़ चुकी थी लेकिन उनके स्वाभिमान का चिराग अब भी उतनी ही कड़कड़ाहट के साथ जलता था। दादा जब भी अपनी लाठी के सहारे धीरे-धीरे राशन की दुकान की सीढ़ियों की तरफ कदम बढ़ाते तो कोटेदार सियाराम अपनी चश्मे की आड़ से लालच भरी निगाहों से उनके खाली थैले को ताकने लगता था। सियाराम का नियम था कि जब तक मशीन पीं-पीं की आवाज न करे और डिजिटल पर्ची बाहर न निकल आए तब तक वह किसी को एक दाना अनाज भी नहीं देता था। दादा कई महीनों से लगातार दुकान के चक्कर काट रहे थे लेकिन हर बार राशन की बोरी छुए बिना ही उन्हें वापस खाली हाथ अपने घर लौटना पड़ता था। मोहल्ले के लोग जब उनसे पूछते कि दादा आज भी गेहूं नहीं मिला क्या तो दादा बस एक हल्की सी फीकी मुस्कान तैरने देते और अपनी कांपती आवाज में कहते ₹सियाराम सरकारी कारिंदा है भाई, जब तक बही-खाते की खानापूरी पूरी नहीं होगी वह अपने घर से तो अनाज बाँटेगा नहीं, सरकारी फेर है थोड़ा वक्त तो लगेगा ही।

मंडी के लोग दादा की इस लगन को देखकर अक्सर आपस में तरह-तरह की कानाफूसी किया करते थे क्योंकि सबको पता था कि दादा के परिवार में अब उनके सिवा कोई बचा ही नहीं था। सियाराम भी हर बार मशीन के सामने खड़े होकर दादा को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ता था और चिल्लाकर कहता था दादा तुम्हारी उम्र नब्बे पार हो गई है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02 अगस्त 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:02 सूर्यास्त 19:04
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - चतुर्थी 23:16 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - पूर्वाभाद्रपद 21:37 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - अतिगंड 22:30 उपरांत सुकर्मा
करण - बव
चन्द्रमा - कुंभ में है। 15:23 पर मीन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 18

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।
**वृषभ-** यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें।
**मिथुन-** धन प्राप्ति सुगम होगी। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी।
**कर्क-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी।
**सिंह-** कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।
**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रमाद न करें।
**तुला-** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।
**वृश्चिक-** कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें।
**धनु-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।
**मकर-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।२
**कुंभ-** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है।
**मीन-** लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

समसामयिक

## आंदोलन की मर्यादा और लोकतंत्र की गरिमा



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवाद क्षमता और असहमति को सम्मान देने की परंपरा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों को अपनी बात रखने, सरकार से जवाब मांगने और शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराने का अधिकार संविधान प्रदान करता है। यही कारण है कि भारत में स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक अनेक जन आंदोलनों ने शासन-प्रशासन को जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाल ही में नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक के बाद देशभर में विद्यार्थियों और विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए गए। लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर चिंता स्वाभाविक थी। प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर उठने वाला प्रत्येक प्रश्न केवल परीक्षा प्रणाली की नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था की विश्वसनीयता की भी परीक्षा होता है। इसलिए ऐसे मामलों में त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के साथ दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न भी सामने रखा है क्या लोकतांत्रिक आंदोलनों की मर्यादा और अनुशासन पहले जैसा बना हुआ है?


भारतीय लोकतंत्र का इतिहास बताता है कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी साम्राज्यवादी सत्ता को चुनौती दी। जयप्रकाश नारायण, विनोबा भावे, सुंदरलाल बहुगुणा और अनेक सामाजिक नेताओं ने भी जन आंदोलनों को नैतिक शक्ति का माध्यम बनाया। इन आंदोलनों की सबसे बड़ी विशेषता थी-अनुशासन, संयम और जनहित के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता। वर्तमान समय में भी अधिकांश आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से होते हैं। किंतु कुछ अवसरों पर ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जिनमें सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचता है, सुरक्षा बलों के साथ टकराव होता है या राजनीतिक और संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। ऐसी घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनती हैं, बल्कि आंदोलन के मूल उद्देश्य को भी कमजोर कर देती हैं। हिंसा और अराजकता कभी भी किसी जन आंदोलन की पहचान नहीं हो सकती।

यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि किसी आंदोलन में यदि कुछ असामाजिक या उपद्रवी तत्व शामिल हो जाएं, तो उनके कृत्यों के आधार पर पूरे आंदोलन या सभी आंदोलनकारियों के उद्देश्य पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जाना चाहिए। कानून का दायित्व है कि वह दोषी और निर्दोष के बीच स्पष्ट अंतर करे तथा प्रत्येक घटना की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाए। सरकारों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। यदि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो केवल जांच या गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं होगी। परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना होगा, ताकि युवाओं का विश्वास दोबारा स्थापित हो सके। लोकतंत्र में विश्वास केवल कानून से नहीं, बल्कि न्याय होता हुआ दिखाई देने से भी मजबूत होता है। दूसरी ओर, आंदोलनों का नेतृत्व करने वाले संगठनों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने समर्थकों को संविधान और कानून की मयार्दाओं का पालन करने के लिए प्रेरित करें। विरोध का उद्देश्य व्यवस्था में सुधार होना चाहिए, व्यवस्था को अस्थिर करना नहीं। किसी भी विचारधारा या राजनीतिक मतभेद के बावजूद सार्वजनिक संपत्ति राष्ट्र की संपत्ति है और उसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इसी प्रकार असहमति व्यक्त करते समय भाषा की मयार्दा बनाए रखना भी लोकतांत्रिक संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा है।

## बच्चे को रखना है जंक फूड्स से दूर, तो ट्राई करें ये आसान टिप्स

बच्चे को जंक फूड्स खाना काफी पसंद होता है। जिससे उनके शरीर में पोषण की कमी हो जाती है और वो कई गंभीर बीमारियों के शिकार होते हैं। हालांकि पेरेंट्स बच्चे के इस आदत को कंट्रोल कर सकते हैं। आप उन्हें हेल्दी डाइट के महत्व को समझाएं इसके अलावा जंक फूड्स से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताएं।

बचपन से अपने बच्चों की हर जिद को पूरा करते-करते उन्हें किसी भी चीज के लिए मना करना काफी मुश्किल हो जाता है। बात जब उनके खाने की पसंद की हो, तो चीजें और पेचीदा हो जाती है। अपने बच्चों को जंक फूड्स से दूर रखना हर माता-पिता के लिए आजकल परेशानी का सबब बन गया है। आपको इस आर्टिकल में कुछ टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप बच्चे को अनहेल्दी फूड्स से दूर रख सकते हैं।



### उनके सामने एक अच्छे रोल मॉडल बनें

माता-पिता ही अपने बच्चों के पहले रोल मॉडल होते हैं, इसलिए वे उन्हें जो भी करते हुए देखते हैं, वे वैसा ही करते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा हेल्दी भोजन करे, तो आपको भी अपनी जीवनशैली में बदलाव करना होगा। अगर आप अक्सर बाहर खाना खाते हैं और जंक फूड्स पसंद करते हैं, तो आपका बच्चा भी उसी को फॉलो करेगा।

### बच्चों को फास्ट फूड्स के नुकसान बताएं

आप अपने बच्चे को संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताएं और उन्हें फास्ट फूड से होने वाले नुकसानों के बारे में बताएं। उन्हें हेल्दी फूड्स में मौजूद पोषक तत्वों के बारे में अच्छी तरह समझाएं। पारिवारिककानून

### अच्छी जीवनशैली की आदतें

एक और बात जिस पर डायटीशियन जोर देते हैं, वह है बच्चों में अच्छी जीवनशैली की आदतें विकसित करना। शुरू से ही बच्चों में अच्छी आदतें डालने की कोशिश करें। यह जीवन भर उनके साथ रहेगी। जब भी आप उन्हें कोई सब्जी खिलाएं, तो उन्हें इसके फायदे जरूर समझाएं।

### उन्हें व्यस्त रखें

बच्चे अक्सर खाली समय में चिड़चिड़ा हो जाते हैं और जंक फूड्स की डिमांड करते हैं। इसलिए, शाम के समय, उन्हें कुछ क्लासेस या एक्टिविटी में शामिल करें, जो उन्हें व्यस्त रखेगा।

### हेल्दी स्नैक्स का ऑप्शन चुनें

आप अपने बच्चे के लिए विभिन्न प्रकार के हेल्दी स्नैक्स रखें। पेंट्री में ताजे फल, कटी हुई सब्जियां, साबुत अनाज, क्रैकर, दही आदि रखें। ताकि आप बच्चे को जल्द ही कुछ हेल्दी खिला सकें।

[प्रसंगवश 02 अगस्त - पिंगली वेंकैया जयंती]

## राष्ट्र का वह ऋषि, जिसने विचारों को तिरंगे में बदल दिया



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

राष्ट्र केवल सीमाओं, शासन या संविधान से नहीं बनते; वे उन प्रतीकों से गढ़े जाते हैं जिनमें करोड़ों लोगों की साझा स्मृतियाँ, आकांक्षाएँ और विश्वास बसते हैं। इतिहासकारों के अनुसार राष्ट्र की आत्मा उसके साझा प्रतीकों में झलकती है। इतिहासकार बेनेडिक्ट एंडरसन ने राष्ट्र को ₹कल्पित समुदाय₹ कहा-ऐसा समुदाय, जिसके अधिकांश लोग कभी एक-दूसरे से नहीं मिलते, फिर भी एक परिवार का हिस्सा मानते हैं। इस अदृश्य भाव को मूर्त रूप राष्ट्रीय ध्वज देता है। भारत को यह पहचान तिरंगे ने दी, किंतु उसे आकार देने वाले पिंगली वेंकैया लंबे समय तक राष्ट्रीय स्मृति के हाशिए पर रहे। 2 अगस्त केवल उनकी जयंती नहीं, बल्कि उस मनीषा को स्मरण करने का अवसर है जिसने भारत की राष्ट्रीय चेतना को तिरंगे में साकार किया।

पिंगली वेंकैया का जीवन सिद्ध करता है कि असाधारण योगदान सत्ता के केंद्रों से नहीं, जिज्ञासा और समर्पण से जन्म लेते हैं। 2 अगस्त 1876 को आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के निकट भटलापेनुमरु में जन्मे वेंकैया भाषाओं के अध्येता, भूविज्ञान के विद्यार्थी और कृषि विज्ञान के शोधकर्ता थे। युवावस्था में ब्रिटिश भारतीय सेना के साथ वे दक्षिण अफ्रीका पहुँचे, जहाँ महात्मा गांधी से हुई भेंट ने उनके चिंतन को नई दिशा दी। उन्होंने समझा कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रीय प्रतीकों पर भी टिकी है, जिनमें पूरा राष्ट्र स्वयं को पहचान सके। यही उनका जीवन-ध्येय बना। उन्होंने व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक उस राष्ट्रीय पहचान को महत्व दिया, जो पीढ़ियों को एक सूत्र में बाँध सके।

वेंकैया की सबसे बड़ी विशेषता थी कि उन्होंने ध्वज का निर्माण भावनाओं से नहीं, गहन अध्ययन से किया। दो दशकों तक उन्होंने अनेक देशों के ध्वजों का तुलनात्मक अध्ययन कर समझा कि रंग, आकार और प्रतीक राष्ट्रीय चरित्र के वाहक कैसे बनते हैं। 1916 में प्रकाशित ₹ए नेशनल फ्लैग फॉर इंडिया₹ उनके इसी शोध का दस्तावेज थी। यह केवल ध्वज का प्रारूप नहीं, भारतीय ध्वज की वैचारिक रूपरेखा थी। प्रारंभ में लाल और हरे रंग सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। महात्मा गांधी के सुझाव पर सफेद रंग और चरखा जुड़े, जिससे सत्य, शांति, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता तिरंगे के मूल मूल्य बने। यही सिद्ध करता है कि राष्ट्रीय प्रतीक किसी एक व्यक्ति की कल्पना नहीं, सामूहिक मंथन और समय की आवश्यकताओं से आकार लेते हैं।

921 में विजयवाड़ा में हुए अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिवेशन में वेंकैया ने अपना ध्वज-प्रारूप गांधीजी के सामने प्रस्तुत किया। वह कपड़े का टुकड़ा नहीं, स्वतंत्र भारत की भावी पहचान था। बाद में चरखे के स्थान पर सम्राट अशोक के सारनाथ स्तंभ से प्रेरित धर्मचक्र अपनाया गया। 24 तीलियों वाला धर्मचक्र गति, न्याय, कर्तव्य, संतुलन और निरंतर प्रगति की भारतीय जीवन-दृष्टि का प्रतीक है। 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने संशोधित तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया। उस दिन केवल ध्वज नहीं, भारत की बहुलता, लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक निरंतरता भी स्वीकृत हुई। तभी से तिरंगा केवल स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं, भारतीय सभ्यता के आत्मविश्वास का उद्घोष बन गया।

15 अगस्त 1947 को जब तिरंगा स्वतंत्र भारत के आकाश में लहराया, तब करोड़ों लोगों ने उसमें अपनी आशाओं का भविष्य देखा। किंतु उस क्षण के पीछे खड़े पिंगली वेंकैया का जीवन किसी विजेता का नहीं, कर्मयोगी का रहा। यह विडंबना केवल भारत की नहीं। इतिहासकार एरिक हॉब्सबॉम ने लिखा है कि राष्ट्र अपने प्रतीकों को सहेज लेते हैं, पर उन्हें गढ़ने वाले व्यक्तित्व स्मृति से ओझल हो जाते हैं। वेंकैया भी इसी विडंबना के शिकार बने। अंतिम वर्षों में उन्हें सम्मान, आर्थिक सुरक्षा और राष्ट्रीय पहचान नहीं मिली, जिसके वे अधिकारी थे। 1963 में उनका निधन हुआ, किंतु बाद में देश ने जाना कि तिरंगे के पीछे एक ऐसा साधक था, जिसने अपना सर्वस्व भारत को समर्पित किया, बदले में कुछ नहीं माँगा। किसी भी राष्ट्र की परिपक्वता का माप उसके स्मारकों या उत्सवों से नहीं, बल्कि गुमनाम निर्माताओं की स्मृति से होता है। हम ध्वज को सलामी देते हैं, राष्ट्रगान पर खड़े होते हैं और राष्ट्रीय पर्व मनाते हैं, किंतु इन प्रतीकों के सर्जकों को कम जानते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,600 चांदी- टंच- 2,20,500 पाट- 2,20,000।

## उज्जैन किराना


अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**
editor.awantika@gmail.com

## 5 दिन रात में बंद रहेगा रेलवे फाटक क्रमांक 79

**शुजालपुर।** नेशनल हाइवे 752 सी पर पुलिस चौकी चौराहे के सामने स्थित रेलवे फ टक क्रमांक 79 शुजालपुर यार्ड पर डामरीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते 31 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक फ टक बंद रहेगा। इस दौरान रेलवे प्रशासन ने हल्के और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं। वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर रेलपथ शुजालपुर ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर को पत्र भेजकर फ टक पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफि क पुलिस की तैनाती का अनुरोध किया है। रेलवे के अनुसार मरम्मत कार्य के दौरान आवश्यकता अनुसार एक से दो घंटे के अंतराल पर रेलवे से अनुमति मिलने पर फ टक को कुछ समय के लिए खोलकर यातायात निकाला जाएगा। फाटक बंद रहने की अवधि में हल्के वाहन अंडरब्रिज से होकर गुजर सकेंगे।

## जिरकान फैक्ट्री के विरोध में कांग्रेस व ग्रामीणों का प्रदर्शन

**आगर मालवा।** आगर मालवो जिला मुख्यालय के समीप स्थित जिरकान फैक्ट्री से निकलने वाले अवशिष्ट मटेरियल और सिंचाई परियोजना के पानी के कथित अवैध उपयोग के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। मौके पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री का दूषित पानी आसपास के गांवों में फैल रहा है, जिससे पर्यावरण, पशु-पक्षियों और ग्रामीणों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही किसानों की सिंचाई के लिए बने बांध के पानी का कंपनी द्वारा अवैध उपयोग किए जाने का भी आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम मिलिंद ढोके ने बताया कि शिकायतों की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनसंघर्ष समिति ने माँगों को लेकर धरना दिया

**अकोदिया।** ग्राम खण्डेरिया की बरसों पुरानी मूलभूत समस्याओं को लेकर शुक्रवार दोपहर 1 बजे जन संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने झांसी की रानी चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मांगलिक भवन और श्मशान-कब्रिस्तान तक पक्के रास्ते जैसी जरूरी सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। धरने के बाद दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन गुलाना तहसीलदार रितेश जोशी को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य मांग रखी गई कि ग्राम खण्डेरिया के लिए मंजूर मांगलिक भवन का निर्माण खण्डेरिया में ही कराया जाए। समिति ने आशंका जताई कि अगर भवन का निर्माण ग्राम धतूरिया में होता है, तो खण्डेरिया के लोग इस सुविधा से वंचित रह जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में मांगलिक भवन न होने से शादी-ब्याह, सामाजिक बैठकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भारी परेशानी होती है।

## गुलाना में जर्जर पानी की टंकी को गिराया

**अकोदिया।** गुलाना पुलिस चौकी के पीछे बनी करीब 70 फीट ऊंची पुरानी और जर्जर पानी की टंकी को शुक्रवार शाम हटा दिया गया। ग्राम पंचायत ने यह कार्रवाई स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग और तहसीलदार के निदेर्शों के बाद की। यह टंकी सालों से बेकार पड़ी थी और आसपास रहने वाले लोगों व बच्चों के लिए बड़ा खतरा बनी हुई थी। इसके पास पुलिस क्वार्टर और कई मकान हैं, जबकि पास के मैदान में बच्चे रोज खेलते थे। जर्जर हालत के चलते हर वक्त किसी बड़े हादसे का डर सताता रहता था। प्रशासनिक निर्देश के बाद हुई कार्रवाई कॉलोनी के लोगों ने टंकी हटाने के लिए तहसीलदार को आवेदन दिया था। मामला गंभीर देखते हुए तहसीलदार ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इसके बाद पीएचई विभाग के निर्देश पर ग्राम पंचायत ने शुक्रवार शाम टंकी को सुरक्षित तरीके से गिराकर हटाने की कार्रवाई पूरी की।

### साइबर ठग को पुलिस ने मेरठ से दबोचा

# भूत-प्रेत बाधा दूर करने का झांसा देकर महिला से 2.97 लाख रुपए ठगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सोशल मीडिया पर भूत-प्रेत बाधा दूर करने का दावा कर महिला को झांसे में लेकर करीब तीन लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को शुजालपुर मंडी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.50 लाख नकद और वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया है। वहीं ठगी गई राशि में से 79 हजार बैंक खातों में होल्ड भी करा दिए गए हैं।

पुलिस के अनुसार कृष्णा नगर शुजालपुर मंडी निवासी रश्मि सक्सेना ने 24 मई 2026 को थाना शुजालपुर मंडी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल 2026 को फेसबुक के माध्यम से एक व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसने स्वयं को भूत-प्रेत बाधा दूर करने वाला बताकर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के नाम पर ऑनलाइन राशि जमा कराई। झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग माध्यमों से कुल 2.97 लाख आरोपी के बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का अहसास होने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने साइबर सेल की मदद से बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस ने ठगी गई राशि में से 79 हजार



होल्ड कराने में सफ लता हासिल की। लगातार तकनीकी जांच के बाद पुलिस टीम उत्तर प्रदेश के मेरठ पहुंची और इस्लाम नगर निवासी मोहम्मद इरशाद 32 पिता शेर दीन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने फेसबुक पर भूत-प्रेत बाधा दूर करने संबंधी पोस्ट डालकर फ रियादिया को अपने जाल में फ ंसाया और उससे 2.97 लाख की ऑनलाइन ठगी की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.50 लाख नकद तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फ ोन बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा अन्य लोगों को भी इसी तरह अंधविश्वास का झांसा देकर साइबर ठगी का शिकार बनाने की जानकारी मिली है।

**इनकी सराहनीय भूमिका**

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी निरीक्षक शिवकुमार यादव, उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, प्रधान आरक्षक रंजीत भानेरिया, प्रधान आरक्षक सचिन सिसोदिया, आरक्षक प्रहलाद जाट, आरक्षक संदीप यादव, आरक्षक रविकांत यादव, आरक्षक मांगीलाल लवंशी तथा साइबर सेल के घनश्याम राजपूत एवं आरक्षक राजेश दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### टोल प्लाजा पर फर्जी मिलिट्री आईकार्ड दिखाकर रौब जमाया

# बैंक की कार से घूम रहे कर्मचारी को मांगलिया बायपास पर मिलिट्री इंटेलिजेंस ने पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के मांगलिया बायपास टोल प्लाजा पर खुद को भारतीय सेना का जवान बताकर मुफ़्त आवागमन कर रहे एक फर्जी सैन्य कर्मी को पकड़ा गया है। शुक्रवार को मिलिट्री इंटेलिजेंस (टक) महू और क्षिप्रा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

टोल प्लाजा के वरिष्ठ अधिकारी विशाल मेहता को संदिग्ध व्यक्ति के हाव-भाव और बातचीत के तरीके पर संदेह हुआ था। इसके बाद उन्होंने तुरंत मिलिट्री इंटेलिजेंस महू को इसकी जानकारी दी, जिसके आधार पर



टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

जांच में आरोपी की कार भी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के नाम से पंजीकृत पाई गई। आरोपी बैंक की गाड़ी में फर्जी मिलिट्री आइडेंटिटी कार्ड का इस्तेमाल कर टोल टैक्स बचाने और रौब दिखाने के लिए घूम रहा था।

क्षिप्रा पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को फर्जी मिलिट्री आईडी कार्ड कहां से मिला और क्या इस फजीर्वाड़े में कोई अन्य गिरोह भी शामिल है।

**देवास के प्राइवेट बैंक में कार्यरत निकला आरोपी**

पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के दौरान आरोपी के बयानों में कई विरोधाभास पाए गए। कड़ाई से की गई पूछताछ में उसकी पहचान देवास स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के कर्मचारी दीपक गुप्ता के रूप में हुई।

# दिशा समिति बैठक में शामिल हुए शिवराज कहा- जनता की सेवा ही भगवान की पूजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को दिशा समिति की बैठक में शामिल होने देवास पहुंचे। शहर में कार्यकताओं और नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया।

करीब दो किलोमीटर लंबे मार्ग पर 50 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए थे। इन मंचों पर कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। जगह-जगह महिलाओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और कई महिलाओं ने उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया।

भव्य स्वागत से अभिभूत शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं देवास को प्रणाम करता हूं। दोनों हाथ जोड़कर अपने मामा-भांजों और देवास की जनता को प्रणाम करता हूं। जब उनसे मध्य प्रदेश की राजनीति में फिर से बड़ी जिम्मेदारी मिलने को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा, मैं जनता का सेवक हूं और सदैव जनता की सेवा करता रहूंगा। जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

**तुमसे मिलने के लिए जी करता है**

इस दौरान उन्होंने भावुक अंदाज में दो पंक्तियां भी सुनाईः तुमसे मिलने के लिए जी करता है...रे बाबा। उन्होंने स्वयं को जनता का सेवक बताते हुए कहा कि वे विकास के इस महायज्ञ में अपनी आहुति निरंतर देते रहेंगे।

### लुटेरी दुल्हन 2.31 लाख लेकर फरार

# जीजा ने मंदिर में बिहार की लड़की से शादी कराई, 3 दिन बाद शौच का बहाना कर भागी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में 'लुटेरी दुल्हन' के जरिए शादी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक को इस जाल में फंसाने का आरोप उसके जीजा पर ही लगा है।

पीड़ित का आरोप है कि जीजा ने अपने साथियों के साथ मिलकर बिहार की युवती से शादी कराई, लाखों रुपए वसूले और शादी के तीसरे दिन दुल्हन सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राखी बंधन के जीजा अर्जुन गेहलोत और रवि राजोरिया ने बिहार के रोहतास जिले की रहने वाली पूजा कुमारी से शादी कराने का प्रस्ताव दिया। इसके बदले उन्होंने 2 लाख 30 हजार रुपए खर्च होने की बात कही। रिश्तेदार होने के कारण कैलाश और उसके परिवार ने उन पर भरोसा कर लिया। इसके बाद 26 जुलाई को अर्जुन गेहलोत कैलाश और उसके माता-पिता को उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर ले गया। पुलिस मामले में जाँच कर रही है।

**तीन दिन बाद शौच का बहाना बनाकर फरार**

शादी के बाद पूजा कुमारी ससुराल पहुंची। परिवार ने नई बहू का स्वागत करते हुए उसे सोने का मंगलसूत्र और चांदी की कड़ी पहनाई। लेकिन शादी के महज दो दिन बाद, 30 जुलाई की सुबह करीब 4 बजे वह शौच जाने का बहाना बनाकर घर से बाहर निकली और लौटकर नहीं आई।

### सस्ते इलेक्ट्रॉनिक सामान के लालच में फंसा कारोबारी

# थोक व्यापारी बनकर 48 हजार की ऑनलाइन ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

डिजिटल युग में साइबर ठग व्यापारियों को फंसाने के लिए नए-नए पैंतरे आजमा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सस्ते माल का लुभावना विज्ञापन देकर अब सीधे दुकानदारों को निशाना बनाया जा रहा है। ताजा मामला शाजापुर कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां फेसबुक पर सस्ते इलेक्ट्रॉनिक सामान का विज्ञापन देखकर एक स्थानीय कारोबारी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गया। खुद को दिल्ली का थोक व्यापारी बताने वाले एक जालसाज ने माल भेजने का झांसा देकर कारोबारी से 48,308 रुपये की चपत लगा दी।

पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**फर्जी रसीद भेजकर मांगे अतिरिक्त पैसे, तब हुआ शक**

भुगतान पूरा होने के बाद, आरोपी ने अर्जुन को ई-कार्ट की एक कथित बुकिंग



रसीद भेजकर दो से चार दिन में सामान डिलीवरी का आश्वासन दिया। जब तय समय पर माल नहीं आया, तो अर्जुन ने पूछताछ की। आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब देने के बजाय 18,310 रुपये की अतिरिक्त मांग कर दी। बार-बार पैसों की मांग और सामान न मिलने पर कारोबारी को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। उसने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए नेशनल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद शुक्रवार सुबह कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस अब आरोपी के मोबाइल नंबर और ट्रांजेक्शन हिस्ट्री के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार, द्वारकापुरी शाजापुर निवासी 31 वर्षीय अर्जुन प्रजापति की लक्ष्मीनगर में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। नवंबर 2025 में अर्जुन ने फेसबुक पर इलेक्ट्रॉनिक सामान का एक आकर्षक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर जब उन्होंने व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया, तो सामने वाले व्यक्ति ने अपना नाम राजेश कुमार निवासी दिल्ली बताया। आरोपी ने खुद को इलेक्ट्रॉनिक सामान का बड़ा थोक व्यापारी होने का दावा किया। इसके बाद, अप्रैल 2026 में जालसाज ने अर्जुन का विश्वास जीतने के लिए इंडक्शन चूल्हे, पंखे, कूलर मोटर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की तस्वीरें और उनके बेहद सस्ते थोक रेट भेजे।

## करंट से युवक की मौत की आशंका

**खातेगांव।** नेमावर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरझाल में शुक्रवार को मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान सीहोर जिले के बुधनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीली करार निवासी दीप सिंह पिता राम सिंह भिलाला (40) के रूप में हुई है। पुलिस को आशंका है कि उसकी मौत करंट लगने से हुई है। पुलिस के अनुसार देवास कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर डायल-112 और नेमावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर खातेगांव अस्पताल की मचुर्री में सुरक्षित रखवाया और पहचान के लिए प्रयास शुरू किए।

पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की फोटो जारी की, जिसके बाद उसकी पहचान हो सकी। पहचान होने पर पुलिस ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन खातेगांव अस्पताल पहुंचे। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया मौत का कारण करंट लगना बताया है।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने कर्नाटक से किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

थाना बड़ौद क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के संबंध में चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान गर्भवती होने की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस को सूचना दी गई। तत्पश्चात पुलिस द्वारा बालिका एवं उसके परिजनों से विधिवत पूछताछ की गई। अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से बालिका से संपर्क स्थापित कर उसे बहला-फुसलाकर विभिन्न अवसरों पर सुनसान स्थान पर बुलाया तथा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

प्राप्त तथ्यों के आधार पर थाना बड़ौद में भारतीय न्याय संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई! प्रकरण में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बड़ौद पुलिस द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल से प्राप्त भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया। अनुसंधान के दौरान आरोपी के जिला कलबुर्गी (गुलबर्गा), कर्नाटक में होने की पुष्टि होने पर पुलिस टीम को तत्काल रवाना किया गया। पुलिस टीम ने हजारों किलोमीटर दूर कर्नाटक से आरोपी कृष्णपाल सिंह (21 वर्ष), निवासी ग्राम छायन थाना बड़ौद क्षेत्र को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय, कलबुर्गी (कर्नाटक) के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट वारंट प्राप्त किया गया तथा समस्त वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आरोपी को मध्यप्रदेश लाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रूप सिंह बैस, उप निरीक्षक विजय शुक्ला, उप निरीक्षक दिनेश भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रवीण यादव, प्रधान आरक्षक हेमंत सिंह, प्रधान आरक्षक अर्जुन बागड़ी, प्रधान आरक्षक सतीश मोदी, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र चिकली, आरक्षक पोप सिंह, आरक्षक रॉकी जाट, आरक्षक रवि दोहरे एवं महिला आरक्षक वंदना सेन की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मुझ श्रीमती तेजुबाई पति श्री अंबाराम राठोड निवासी-13 सेक्टर-बी, गणेश नगर, नागझिरी, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भवन क्रमांक-ई-11/33 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. स्थित क्षिप्रा विहार आवासीय योजना उज्जैन में हैं, जिसके मूल दस्तावेज रजिस्ट्रीया व नामान्तरण लेटर व आंवटन लेटर व फ्री-होल्ड दस्तावेज आदि कही पर रखा गये हैं, जिसे काफी तलाशने पर नहीं मिले हैं, उक्त दस्तावेज का मेरे द्वारा कही दुरूपयोग नही किये गये हैं, तथा उक्त दस्तावेज किसी को भी मिले या किसी के पास रखे हो तो मेरे निवास के पते पर पहुचाने का कष्ट करे या मेरे द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर-9827032428 पर सूचना करे तथा उक्त दस्तावेज किसी को भी मिले व उसका दुरूपयोग किया जावे तो उसके जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी । दिनांक-01.08.2026

**श्रीमती तेजुबाई पति श्री अंबाराम राठोड**
**निवासी-13 सेक्टर-बी, गणेश नगर, नागझिरी, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल नम्बर-98270-32428**

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम करनावद तहसील उन्हैल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 287 रकबा 1.01 हें. स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम करनावद में स्थित हो कर उक्त सर्वे नंबर 287 रकबा 1.01 हें. भुमि अम्बाराम पिता नगजी जाति आंजना निवासी ग्राम करनावद तहसील उन्हैल जिला उज्जैन म०.प्र०. से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो दिनांक 01.08.2026

**अजय मोर्य एडव्होकेट**
**उन्हेल तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 9893257210**



## 37 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए श्याम स्वरूप सक्सेना, दी भावभीनी विदाई

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को कर्मचारी श्याम स्वरूप सक्सेना के 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिवार ने शॉल, श्रीफ ल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया तथा भावभीनी विदाई दी। समारोह की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने सक्सेना के 37 वर्ष के शासकीय सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, सरल और समर्पित कर्मचारी बताया। उन्होंने कहा कि सक्सेना ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए महाविद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कार्यशैली, समयपालन और सहयोगी स्वभाव सभी के लिए प्रेरणादायी रहा। सम्मान के बाद अपने उद्बोधन में सक्सेना ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे सेवाकाल में उन्हें अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला, जिसे वे सदैव स्मरण रखेंगे। समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस पर विद्यार्थियों ने बताई अच्छे और सच्चे मित्र की विशेषताएं




**शाजापुर।** मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान के मार्गदर्शन में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार जायसवाल, आनंदम सहयोगी दीपक कलजोरिया, आंनदक दिलीप कुमार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि विद्यालय शाजापुर में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आत्म अवलोकन और मनोबल बढ़ाने वाली गतिविधियों को भी संपन्न करवाया गया। विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अच्छे मित्र की क्या-क्या विशेषताएं हो सकती हैं इस पर परस्पर चर्चा कर अच्छे और सच्चे मित्र के गुणों को बताया गया। जिन छात्र और छात्राओं ने सच्चे मित्रों की विशेषताएं बताई, उनमें से श्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। मित्रों ने आपस में सूत्र बांधकर सच्चा और अच्छा मित्र बनने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ एवं कक्षा 9 से 12 के 400 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पार्वती नदी में डूबे किशोर का 23 घंटे बाद मिला शव, घटनास्थल से 4 किमी दूर मिली लाश

**शाजापुर।** जिले के शुजालपुर स्थित अवंतीपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र में पार्वती नदी के तेज बहाव में बहे 16 वर्षीय किशोर की तलाश शुक्रवार



को एक दुखद अंत के साथ समाप्त हुई। गुरुवार दोपहर से लापता इस किशोर का शव 23 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल से लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम हरुखेड़ी के पास से बरामद किया। नदी से सुरक्षित बाहर आने के बाद किशोर का अचानक दोबारा पानी में कूदना उसकी मौत का कारण बन गया। जानकारी के अनुसार, 16 वर्षीय कृपाल रेकवार गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे अपने दादा रामलाल रायकवार के साथ ग्राम गाडरा खेड़ी के पास पार्वती नदी पर बकरियां चराने गया था। नदी में बकरियों को नहलाने के बाद दादा और पोता दोनों सुरक्षित बाहर आ गए थे, लेकिन तैरना न आने के बावजूद कृपाल अचानक दोबारा पानी में कूद गया। नदी का बहाव तेज होने के कारण वह डूबने लगा। दादा रामलाल ने उसे बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते कृपाल उनकी आंखों से ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। गुरुवार शाम 6 बजे एसडीआरएफ की 8 सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की, लेकिन दो घंटे बाद अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा। शुक्रवार सुबह उजाला होते ही अवंतीपुर बड़ोदिया थाना पुलिस, तिलावद पुलिस चौकी, एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय ग्रामीणों ने नावों की मदद से फिर से सघन सर्चिंग अभियान शुरू किया। दोपहर करीब 1 बजे ग्राम हरुखेड़ी के पास किशोर का शव बरामद कर लिया गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक, पता - प्रथम मंजिल भवन क्रमांक 91 (पुराना क्रमांक 71) आई.बी.आई बैंक के पास, जवाहर मार्ग, इंदौर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 06 पश्चिम दिशा का भाग होकर (पुराना न. 117/1) प्राइवेट भाग 6/1 सुभाष मार्ग रोड़ न. 01 स्थित दुध तलाई तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 113.22 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- भवन क्रमांक 06 (न. 6/2) का शेष भाग, पश्चिम मे- रोड़, उत्तर- रोड़ एवं दक्षिण में- पथ न. 01 स्थित है। उक्त संपत्ति सत्या डेवलपर्स ने संपत्ति के पूर्व स्वामि बालचन्द्र एव उपेन्द्र पुत्रगण चिंतामणि पंडित से विक्रय पत्र क्रमांक एम.पी.432022024ए11275900 दिनांक 24/10/2024 एंव विक्रय पत्र क्रमांक एम. पी.432022024ए11127743 दिनांक 11/09/2024 के माध्यम से क्रय कि है तथा दिनेश पिता मदनलाल रामी एवं तुषार रामी पिता दिनेश रामी ने उक्त संपत्ति पूर्व स्वामी सत्या डेवलपर्स द्वारा भागीदार मनोज कुमार डोडिया एवं मनोज जैन पिता मांगीलाल जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A100199924 दिनांक 18/02/2026 के माध्यम से क्रय कि है दिनेश रामी एवं तुषार रामी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किये जानजे हेतु आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड, में आवेदन किया है तथा आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड, उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे है अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## विद्यापीठ में हर्षोल्लास के साथ मनाया ग्रीन डे

**खाचरौद।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक हरे रंग की सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पेड़, फल, सब्जियाँ एवं हरे रंग के पशु-पक्षियों की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने सुंदर एवं रचनात्मक वेशभूषा में प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## लंबे इंतजार के बाद झमाझम बारिश

**सुसनेर।** लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे नगरवासियों और किसानों को देर शाम राहत मिली। करीब शाम 7:30 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते सड़कों पर पानी बहने लगा और पूरे नगर का मौसम सुहावना हो गया। पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण उमस और गर्मी से लोग परेशान थे, वहीं खेतों में खड़ी खरीफ फसलों को भी पानी की सख्त जरूरत महसूस की जा रही थी। से किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई और फसलों को नई संजीवनी मिलने की उम्मीद जगी है।

## मोड़ी में निकली श्रीजी की भव्य रथयात्रा

**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम मोड़ी में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा पहली बार आयोजित दस दिवसीय सरोज सर्वतोभद्र महामंडल विधान का गुरुवार को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ। 21 जुलाई से प्रारंभ हुए इस धार्मिक महोत्सव के अंतिम दिन भगवान श्रीजी की भव्य रथयात्रा पूरे मोड़ी नगर में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भगवान श्रीजी की शांतिधारा से हुई। शांतिधारा का सौभाग्य गोकुलचंद जैन, राकेश कुमार जैन, पवन कुमार जैन एवं विजय कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर पूजन का शुभारंभ किया गया।

## श्री जगदीश व्यायाम शाला में गुरु पूजन हुआ

**महिदपुर ।** श्री जगदीश व्यायाम शाला घोड़ा पछाड़ में गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस पर गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया । सर्वप्रथम व्यायाम शाला में विराजित हनुमान जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अखाड़े में मिट्टी पूजन किया पश्चात अखाड़े के उस्ताद शंकरलाल विश्वकर्मा का स्वागत सम्मान अखाड़े के पहलवानों द्वारा किया गया वहीं अखाड़े एवं समिति के वरिष्ठजनों का भी पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ अमरसिंह ठाकुर ,रामचंद्र आंजना, कैलाश जोशी पहलवान, बलराज बैरागी पहलवान ,भेरूलाल प्रजापत, जगदीशसिंह ठाकुर अनिल वधवा आदि सहित अखाड़े के पहलवान एवं समिति के सदस्य गण पूरे कार्यक्रम में भाग लिया ।

## नवनियुक्त प्राचार्य राजोरे का भव्य स्वागत

**सारंगपुर।** पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भ्याना में नवनियुक्त प्राचार्य प्रियंका राजोरे के विद्यालय आगमन पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य शाहिद भाई मंसूरी, सरपंच प्रतिनिधि विनोद पाटीदार, समाज सेवक फूल सिंह अहिरवार, गोपाल गुर्जर, सुरेश टेलर, कैलाश मालवीय एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके आने वाले सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा, अनुशासन एवं शैक्षणिक गतिविधियों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। प्राचार्य प्रियंका राजोरे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### सावन में भक्ति के रंग में रंगा सारंगपुर

# कपिलेश्वर और तिलभांडेश्वर महादेव सहित अन्य शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।**



पवित्र सावन माह के शुभारंभ के साथ ही धार्मिक नगरी सारंगपुर पूरी तरह से शिवभक्ति के रंग में रंग गई है। सावन के पहले दिन गुरुवार को नगर के प्रसिद्ध बाबा कपिलेश्वर महादेव और तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर सहित तमाम छोटे-बडे शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। तडके से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों का मंदिर परिसरों में पहुँचना शुरू हो गया था, जो दिनभर अनवरत जारी रहा।

सावन के पावन अवसर पर मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। विशेष रूप से प्रसिद्ध बाबा कपिलेश्वर मंदिर और तिलभांडेश्वर मंदिर में भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। पुरुष, महिलाएँ, युवा और बच्चे हाथों में पूजा की थाली, जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और फूल लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

पूरे दिन मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान रहे। जयकारों की गूंज से आसपास का पूरा माहौल अलौकिक और धर्ममय हो उठा।

सावन के प्रथम दिन के उपलक्ष्य में नगर के प्रमुख शिवालयों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल भगवान शिव का पंचामृत दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसके बाद भोलेनाथ का भांग, भस्म, अबीर, गुलाल और ताजे पुष्पों से अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया।

तिल भांडेश्वर मंदिर के बारे में बताते हुए भक्त संतोष पुष्पद ने बताया कि सावन का पूरा महीना भगवान को अत्यंत प्रिय है। इस दौरान जो भी भक्त सच्चे मन से भगवान शिव का जलाभिषेक करता है और बेलपत्र अर्पित करता है, महादेव उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। शाम के समय मंदिरों में विशेष महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया। नगर के अन्य शिवालयों में भी दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, शिव चालीसा पाठ और रुद्राभिषेक के दौर चलते रहे। सावन के पहले ही दिन से ही सारंगपुर में भक्ति की बयार बहने लगी है, जो पूरे महीने इसी तरह जारी रहेगी।

### 17 अगस्त को नागपंचमी और सोमवार का दुर्लभ संयोग

इस वर्ष सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं। इनमें 17 अगस्त का सोमवार विशेष रहेगा, क्योंकि इसी दिन नागपंचमी का पर्व भी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह दुर्लभ और अत्यंत पुण्यदायी संयोग माना जाता है। पंडित पवन पारीक ने बताया कि सावन भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। समुद्र मंथन के दौरान भगवान शिव द्वारा विषपान करने के बाद देवताओं ने उनकी तपन शांत करने के लिए जलाभिषेक किया था। तभी से सावन में शिवलिंग पर जल चढाने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु इस माह केवल व्यक्तिगत सुख-समृद्धि ही नहीं, बल्कि विश्व कल्याण की भावना से भी भगवान शिव की आराधना करते हैं।

### पुलिस द्वारा चोरी के अपराध का किया खुलासा 12 घण्टे में

# एल्युमीनियम तार और 50 किग्रा ताँबा तार

### कीमत 1.5 लाख बरामद ,आरोपीगण को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर**



पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन, करणदीप सिह , एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा (भापुसे) के मार्गदर्शन में संपत्ती संबंधी अपराधियो की पतारशी करने हेतु निर्देशित करने पर टीम तैयार कर आरोपी गण को गिरफ्तार कर माल बरामद कर आरोपी गण को भेजा जेल।

30 जुलाई को फरियादी श्रवणसिंह पिता दुलेसिंह जाति सौंधिया राजपूत उम्र 45 साल निवासी मोचीखेडा महिदपुर ने थाने पर रिपोर्ट किया कि रात्री में विद्युत मण्डल के स्टोर रुम टेंशन चैराहा के पास महिदपुर से एल्युमिनियम का 33 के.वी. तार करीब 200 कि.ग्रा. व तांबे के तार करीब 50 कि.ग्रा. कुल किमत करीब 1,50,000 रुपये का चुरा कर ले गये है । रिपोर्ट पर से थाना महिदपुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

दौराने विवेचना आरोपी गण आमीर उर्फ भय्यु पिता पप्पु खान जाति पिन्जारा उम्र 29 साल निवासी यादव मोहल्ला महिदपुर , फैजान पिता इकबाल खान जाति पठान उम्र 19 साल निवासी ईदगाह कालोनी महिदपुर , अबरार पिता भय्यु शाह जाति फकिर उम्र 23 साल निवासी जैल रोड महिदपुर , मनीष पिता स्व. ओमप्रकाश पंवार जाति पारदी उम्र 19 साल निवासी ग्राम रुद्रखेडा को गिरफ्तार कर चोरी गया मश्रुका जप्त किया गया । आरोपी गण को न्यायालय महिदपुर पेश किया गया। आरोपी गण का जेल वारण्ट बनने पर आरोपी को उपजेल महिदपुर में दाखिल करवाया गया।

### सराहनीय भूमिका

उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना महिदपुर पुलिस टीम निरी.अशोक पाटीदार, उनि अन्नपूर्णा कठेरिया , उनि एन एस कनेश , प्रधान आर 1164 भैरुलाल , प्रधान आर 1084 विजयसिह , आर 1435 राघव , आर 2020 मोसिम , आर 1297 सुनिल , आर 1233 चन्द्रभानसिह , आर 233 विजय मीणा , आर 1081 समरथ पाटीदार , आर 286 लेखराज ,आर नारायण सोलंकी आदि की सराहनीय भूमिका रही ।

### सातों प्रखंडों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# कबड्डी स्पर्धा में सोयत बना जिला चैंपियन, नलखेड़ा रहा उपविजेता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में गुरुवार को तहसील रोड स्थित स्वामी विवेकानंद कॉलेज परिसर में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आगर मालवा जिले के सातों प्रखंडों की टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों के बाद सोयत प्रखंड की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिला चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि नलखेड़ा प्रखंड की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का उत्कृष्ट परिचय दिया, जिससे दर्शकों का भरपूर उत्साह देखने को मिला।

सुबह प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। इसके बाद लीग और नॉकआउट चरण के मुकाबले खेले गए। हर मैच में खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। कबड्डी के रोमांचक दांव-पेंच, तेज रेड और शानदार डिफेंस ने दर्शकों को पूरे दिन बांधे रखा। फाइनल मुकाबला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें सोयत और नलखेड़ा की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। अंततः सोयत की टीम ने बेहतरीन तालमेल और शानदार प्रदर्शन के दम पर जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

दिनभर चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अभिभावक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। दर्शकों ने प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ियों का तालियों से उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता ने न केवल जिले की खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया, बल्कि युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी किया।

# श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर शिव प्रतिमाओं का किया आकर्षक श्रृंगार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड**

नगर में श्रावण मास की पहले दिन गुरुवार से ही शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धा भगवान शिव की पूजा अर्चना करने पहुंचे नगर के रेल्वे स्टेशन परिसर स्थित त्रिभुवन नाथ मंदिर, पुलिस थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, गोगापुर तालाब किनारे स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के अलावा झरावदा के झरादेश्वर मंदिरों में स्थित भगवान शिव की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

ब्रह्म मुहूर्त से ही पंडितों ने अभिषेक के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई मंदिरों में रांगोली के साथ रंग बिरंगी रोशनी से मंदिर को आलौकित किया गया है श्रावण मास से ही कावड़ यात्रा का सिलसिला भी प्रारंभ होने जा रहा है श्रद्धालु अपने सामर्थ्य अनुसार समूह में कावड़ धारण कर झरावदा ,मनुनिया महादेव तथा बाबा महाकाल को जल चढ़ाने पैदल पैदल यात्रा कर इन स्थानों पर पहुंचेंगे नगर के गणेश मंदिर में भी गणेश जी के भक्तों के सहयोग से 5 अगस्त से 5 सितंबर पूरे 1 माह प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 बजे मास पारायण का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए पुजारी पंडित बद्रीलाल शर्मा ने बताया गणेश मंदिर में पूरे श्रावण महिने के दौरान मास पारायण का कार्यक्रम रखा गया

## 24 घंटे में बालिका को सकुशल खोज निकाला

**सुसनेर।** 17 वर्षीय नाबालिग बालिका बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर थाना सुसनेर पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस के नेतृत्व में तत्काल एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने विभिन्न स्थानों पर लगातार तलाश और तकनीकी जानकारी जुटाते हुए 24 घंटे के भीतर बालिका को आगर से सकुशल दस्तयाब कर लिया।



# स्वास्थ्य विभाग में 33 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत्ति विदाई समारोह अयोजित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना**

31 जुलाई को विकासखंड तराना के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता ताज मोहम्मद द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 33 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत्ति विदाई समारोह कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना के मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद अर्गल सर द्वारा की गई। प्रमुख विकासखंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा ताज मोहम्मद को पुष्प माला पहनाकर, शाल , श्रीफल से स्वागत कर अभिनन्दन - पत्र भेंट किया गया।

सीबीएमओ द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में ताज मोहम्मद के कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उनके कार्य करने की शैली के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा ताज मोहम्मद का पुष्पमाला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

ताज मोहम्मद द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति पर अधिकारीयों, कर्मचारियों ने जो सम्मान दिया उसके लिए मैं आत्मा एवं दिल से सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

कार्यक्रम में डॉ ललित जांगिड़, डॉ अर्जुन गुजराती , डॉ संजय गोयल, बीपीएम मोनाली मालवीया,एम आई देवी सिंह पंवार, सुरेश चन्द्र जैन,डॉ डी सी गेहलोत, दयाराम सोलंकी, संतोष रायकवार,हरिराम चडार, नर्सिंग ऑफिसर रामपियारी रैदास, सोनिया रांगी,निधि नामदेव, कृष्णा चौहान, विमला यादव, बृजेश लखेरा, हुकुम सिंह, अनिल परमार, विकास परमार श्रीकांत जैन आदि एवं ताज मोहम्मद के परिवारजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मानंद

# गुरु पूर्णिमा तथा महर्षि संदीपनि गुरु पर्व का आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना**

शासकीय महाविद्यालय तराना में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ प्रदीप सिंह पंवार, सेवानिवृत्त प्राध्यापक सम्मान किया गया। छात्राओं द्वारा सुंदर रंगोली से गलियारे और द्वार को सजाया गया कार्यक्रम के आरंभ में अतिथि तथा प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती तथा गुरु सांदीपनी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गयो इसके पश्चात शिवानी जयसवाल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ प्रद्यापक डॉ पंकज महेश्वरी ने गुरु सांदीपनी के जीवन तथा प्राचीन काल से वर्त्तमान तक चली आ रही गुरु शिष्य परंपरा पर विस्तृत प्रकाश डाला उन्होंने श्री कृष्ण के जीवन में गुरु के महत्व तथा वर्तमान परिवेश में भारतीय गुर शिष्य परंपरा के महत्व विभिन्न आयाम पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। प्रोफेसर दिनेश कौल ने भारतीय परंपरा के विशेष सन्दर्भ में गुरु की महत्ता बतलाते हुए।

# गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर शासकीय महाविद्यालय में गुरुपर्व मनाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर**



शासकीय महाविद्यालय माहिदपुर में गुरु पूर्णिमा पर गुरुपर्व मनाया गाया। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य एवं वाणिज्य विषय के प्राध्यापक प्रो. बी. एल. आंचलिया मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। साथ ही महाविद्यालय के ही सेवानिवृत्त पूर्व प्राध्यापक डॉ. पी. एस. पटेल को भी आमंत्रित किया गया था।

सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के पश्चात विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरस्वती वंदना बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा भावना प्रजापत ने प्रस्तुत की। पुष्प-हारों से अतिथि स्वागत एवं शॉल-श्रीफल से सम्मान के पश्चात शब्द-पुष्पों से अतिथि स्वागत हेतु स्वागत भाषण महाविद्यलय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जाकिरउद्दीन अहिंगर ने दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. बी.एल. आंचलिया ने अपने आशीर्वचन प्रदान किये। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु के प्रति समर्पण, सेवा और परिश्रम के गुणों की सराहना करते हुए जीवन में इन गुणों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने गुरु की महत्ता को उजागर करते हुए कहा कि गुरु के लिये सभी छात्र बराबर होते हैं। गुरु कभी किसी विद्यार्थी को लेकर पक्षपात नहीं करता परंतु छात्र अपनी योग्यता, परिश्रम और गुरु के वचनों में श्रद्धा के आधार पर कम या अधिक अंक प्राप्त करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. घनश्याम सिंह ने किया तथा आभार हिन्दी विषय की प्राध्यापिका डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने माना। गुरु पर्व के इस अवसर पर नव नियुक्त प्राध्यापकों डॉ. अनिल पड़ियार (इतिहास), डॉ. राम हरसोरा (वनस्पति विज्ञान), डॉ. आकाश पटेल (अंग्रेजी) एवं डॉ. नानुराम मुवेल (रसायन विज्ञान) का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया।



## शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर जनपद सभागृह में शर्मा का किया सम्मान

**महिदपुर रोड।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झुटावद में पदस्थ पंचायत सचिव राधेश्याम शर्मा 31 जुलाई शुक्रवार को सेवानिवृत हो गये शर्मा की सेवानिवृति पर जनपद पंचायत सभागृह में जनपद पंचायत के सीईओ उपायुक्त विकास डा. मारिशा शिंदे के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित कर जनपद पंचायत ,पंचायत सचिवों सहायक सचिवों तथा मनरेगा स्टाफ की और से शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर शिंदे ने अपनी शाक्षकीय सेवा के दौरान बहुत कम ऐसे शासकीय सेवक होते हैं जिनका कृतित्व और व्यक्तित्व विरला होता है शर्मा शासकीय सेवा से भले ही सेवा निवृत हो गये हैं लेकिन उनके सहयोग की आवश्यकता हमें आगे भी महसूस होगी।

## सेवानिवृति पर वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान



**महिदपुर रोड।** नगर के संकुल केंद्र के शासकीय कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य विमल सूर्यवंशी तथा एक शाला एक परिसर सरवन खेड़ा के शासकीय विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक प्रेम छाबड़ा का संकुल केंद्र प्रभारी शिवनारायण बामनिया के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में संकुल केंद्र के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सम्मान किया इस दौरान शासकीय विद्यालय पेटलावद के प्राचार्य प्रदीप सौलंकी कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य अनिल सेठिया जन शिक्षक मोहनलाल चंद्रवंशी वरिष्ठ शिक्षक पोरवाल आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने सूर्यवंशी तथा छाबड़ा के कार्य व्यवहार तथा शिक्षा के प्रति समर्पण भावना की प्रशंसा की

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की नवीन कार्यकारिणी घोषित




**खाचरोद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई खाचरोद की वर्ष 2026-27 की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा शुक्रवार को सांदीपनी विद्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दर्शन जाधव, उज्जैन ग्रामीण के जिला विस्तारक गोपाल योगी एवं जिला केंद्र विभाग संयोजक मोहित गहलोत उपस्थित रहे। नगर कार्यकारिणी की घोषणा से पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकताओं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना एवं परिषद् से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। घोषित कार्यकारिणी में अवधेश सोनी को नगर अध्यक्ष, मेघा डिंडोरकर को नगर उपाध्यक्ष तथा आदित्य देवड़ा को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया।

## काया और माया यहीं छोड़कर जाना है-साध्वी सुधाशनाश्रीजी




**बड़नगर।** संसार में सुखी एवं दुखी दोनों प्रकार के जीव है। धर्म आराधना के मार्ग पर चलकर पुण्य का बेलेंस बनाए रखना है। सदैव जाने-अनजाने में हुई हिंसा का भी प्रायश्चित करना चाहिए। हमें काया ओर माया यहीं पर छोड़कर जाना है। स्थानीय आराधना भवन में साध्वी सुधाशनाश्रीजी ने उक्त उद्?गार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्लभ मानव जीवन हमें प्राप्त हुआ है। मानव जेसी संगत करेगा वैसे परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने 18 पाप स्थान पर प्रेरक व्याख्या में कहा कि पाप से मुक्ति मनुष्य जन्म में ही संभव है। मनुष्य को सूक्ष्म से सूक्ष्म हिंसा से भी बचने का प्रयास करना चाहिए। अपने व्यवहारिक दिनचर्या में भी पानी तक का सदुपयोग करना चाहिए। खानपान में भी गुण दोष पर ध्यान देना चाहिए। वर्तमान में स्वामी वात्सल्य के नाम पर भी बिना छने हुए पानी का उपयोग होना चिंता की बात है। श्री संघ के विजय गोखरू ने बताया कि चातुर्मास में चल रही तपस्या के अन्तर्गत श्रीमति अंजना श्रीश्रीमाल ने आयंबिल तप किया तथा प्रकाशचन्द अनोखीलाल चौपड़ा परिवार ने प्रभावना का लाभ लिया।

## गांव की बंद नल जल योजना हेतु बंसल कंपनी ने नई पाईप लाईन डाली

**इंगोरिया।** उन्हेल-इंगोरिया सड़क चौड़ीकरण के दौरान ग्राम पंचायत की नल जल योजना की पाईप लाईन जगह-जगह से क्षति ग्रस्त हो गई थी। करीब एक माह से इंगोरिया गांव को पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। सड़क निर्माण कंपनी मेसर्स रमेश कुमार बंसल कंपनी के हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि स्वेच्छा से संज्ञान लेकर कंपनी की ओर से नई पाईप लाईन डालने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अति शीघ्र ही नल योजना चालू कर दी जाएगी। गांव में एक माह से नल योजना बंद पड़ी थी। जे सी बी से एक किलोमीटर लंबी गहरी खुदाई कर नई पाईप लाईन बिछा दी गई है।

# आपकी ये आदतें बच्चे को बना रही हैं जिद्दी, तुरंत बदलें अपना तरीका

**अक्सर माता-पिता की कुछ अनजानी आदतें ही बच्चों को जिद्दी बना देती हैं, जैसे जरूरत से ज्यादा विकल्प देना या 'ना' कहने के बाद उनकी मांग पूरी कर देना। ये पेरेंटिंग गलतियां बच्चों को सिखाती हैं कि जिद करने और रोने से उनकी हर बात मानी जा सकती है, जिससे उनका स्वभाव अड़ियल हो जाता है।**



हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे में अच्छी आदतें आएं। लेकिन परवरिश के इस सफर में, पेरेंट्स अक्सर अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे बच्चे स्वभाव से जिद्दी होने लगते हैं। अगर आपका बच्चा भी बात-बात पर अड़ जाता है, अपनी मर्जी चलाता है, चिल्लाता है या आपकी बात बिल्कुल नहीं सुनता, तो यह थोड़ा रुककर सोचने का वक्त है। मुमकिन है कि बच्चे के इस व्यवहार के पीछे आपकी ही कुछ आदतें हों। आइए जानते हैं माता-पिता की उन आम आदतों के बारे में, जो धीरे-धीरे बच्चों को जिद्दी बना देती हैं।

आज के दौर में पेरेंट्स बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें खुश रखने के लिए हर छोटी-बड़ी चीज में चॉइस देने लगते हैं। बच्चों को चॉइस देना अच्छी बात है, लेकिन जरूरत से ज्यादा ऑप्शन बच्चों को कन्फ्यूज कर देते हैं। जब बच्चों को हमेशा अपनी मर्जी चलाने की आदत हो जाती है, तो उन्हें लगता है कि हर फैसले के मालिक वही हैं। ऐसे में जब असल जिंदगी में उन्हें अपनी पसंद की चीज नहीं मिलती, तो वे उसे बर्दाश्त नहीं कर पाते और जिद करने लगते हैं।

## ना कहने के बाद मान जाना

यह लगभग हर घर की कहानी है। किसी खिलौने या चॉकलेट के लिए पेरेंट्स पहले तो साफ ना कह देते हैं, लेकिन जैसे ही बच्चा रोना शुरू करता है, पैर पटकता है या मॉल के बीच में तमाशा करता है, पेरेंट्स शर्मिंदगी या सिरदर्द से बचने के लिए उसे वह चीज दिला देते हैं। इससे बच्चे को समझ आता है कि अगर वह ज्यादा जोर से रोएगा या जिद करेगा, तो उसकी बात मान ली जाएगी। बच्चा इसे हथियार बनाकर अपनी सारी बातें मनवाता है।

## कोई फिक्स रूटीन न होना

एक फिक्स रूटीन होने से बच्चों को पता होता है कि आगे क्या होने वाला है। इससे उनका मन शांत रहता है और वे सुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन जब कोई फिक्स रूटीन नहीं होता, तो बच्चे कन्फ्यूज होने लगते हैं। बिना रूटीन के जब पेरेंट्स अचानक बच्चों को कोई काम करने के लिए कहते हैं, तो बच्चे उसका विरोध करते हैं। जिसे पेरेंट्स जिद समझ लेते हैं, वह असल में बच्चे का कन्फ्यूजन या इनसेक्योरिटी होती है।

## एक ही बात को बार-बार दोहराना

अगर आप बच्चों को एक ही बात बार-बार बोलते हैं, तो बच्चे को समझ आ जाता है कि पहली, दूसरी या तीसरी बार में काम करने की कोई जरूरत नहीं है। वे जान जाते हैं कि जब तक मम्मी या पापा गुस्सा नहीं होंगे या चिल्लाएंगे नहीं, तब तक कोई कदम उठाने की जरूरत नहीं है। यह आदत बच्चों को बात टालने और जिद्दी बनने की ट्रेनिंग देती है। इसलिए हमेशा क्लीयर ऑर्डर दें और एक बात को एक या दो बार से ज्यादा न बोलें।

## सबके सामने बच्चों को डांटना सही नहीं

बच्चों की छोटी-छोटी गलतियों पर उन्हें डांटना लगभग हर माता-पिता की आदत होती है। इसमें खुद में कुछ गलत नहीं है, लेकिन अक्सर हम एक जरूरी बात भूल जाते हैं कि जब हम बच्चे को डांट रहे होते हैं, उस समय आस-पास कौन लोग मौजूद हैं। भीड़-भाड़ वाली जगह, रिश्तेदारों के सामने या स्कूल में डांटना बच्चे के मन पर बुरा असर डाल सकता है। एक पैरेंट के तौर पर आपको उस वक्त शायद कुछ खास फर्क नजर न आए, लेकिन सच यह है कि ऐसी बातें बच्चे के दिल में गहरी छाप छोड़ जाती हैं। यह छाप धीरे-धीरे उसके आत्मविश्वास और सोच पर असर डालने लगती है। सबके सामने डांटना सिर्फ उस पल की बात नहीं होती, बल्कि यह बच्चे के कोमल मन पर लंबे समय तक रहने वाले भावनात्मक घाव छोड़ सकता है।

### बच्चों की सेल्फ-रिस्पेक्ट होती है कम

जब बच्चे को सबके सामने डांटा जाता है, तो उसे बहुत बुरा लगता है। उसे लगता है कि उसकी इज्जत दूसरों के सामने कम हो गई है। धीरे-धीरे वह खुद को कम समझने लगता है। उसके अंदर शर्म और डर बैठ जाता है। यही चीज आगे चलकर उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है और वह हर काम में खुद पर शक करने लगता है।

**बच्चे छिपाने लगते हैं अपनी गलतियां-** बार-बार पब्लिक में डांट खाने से बच्चा सीखने की बजाय बचने की कोशिश करता है। उसे लगता है कि अगर गलती बताई तो फिर सबके सामने डांट पड़ेगी।


**बच्चों के स्वभाव में आ जाता है गुस्सा या डर-** ऐसे बच्चों के व्यवहार में बदलाव दिखने लगता है। कुछ बच्चे बहुत चुप और डरपोक हो जाते हैं, तो कुछ जल्दी गुस्सा करने लगते हैं। उन्हें लोगों के बीच जाने से भी डर लग सकता है। ये बदलाव उनके दोस्ती, पढ़ाई और रोजमर्रा की जिंदगी पर असर डालते हैं।




## नैनो न्यूज

- **कार्तिक आर्यन ने असम बाढ़ राहत के लिए 1 करोड़ दान किए-** अभिनेता कार्तिक आर्यन ने असम बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ का योगदान दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनके इस कदम की सराहना की।
- **'बंटवारा 1947' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी-** करण देओल और कनिका कपूर अभिनीत फिल्म 'बंटवारा 1947' का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। पोस्टर देखने के बाद सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने कनिका कपूर की तुलना कियारा आडवाणी से की।
- **प्रियंका चोपड़ा ने फैंस से मांगी माफी-** एयरपोर्ट पर अपने छोटे बच्चे के साथ होने की वजह से प्रियंका चोपड़ा सेल्फी नहीं ले सकीं। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए प्रशंसकों से माफी मांगते हुए अपनी मजबूरी बताई।
- **राम गोपाल वर्मा का बॉलीवुड पर बड़ा बयान-** निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने कहा कि कोविड-19 के बाद बॉलीवुड में बजट अनुशासन और कॉरपोरेट संस्कृति मजबूत हुई है, जिससे फिल्मों के निर्माण में जवाबदेही बढ़ी है।
- **अर्जुन कपूर ने वजन घटाने के सफर पर की खुलकर बात-** अर्जुन कपूर ने बताया कि उन्होंने लगभग 70 किलो वजन कम किया और मानसिक स्वास्थ्य के लिए थेरेपी को अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बताया।
- **संजय दत्त की फिटनेस बनी चर्चा का विषय-** 67 वर्ष की उम्र में संजय दत्त ने बताया कि वह नियमित वर्कआउट करते हैं और अब भी एक बार में 50 पुश-अप्स लगाने में सक्षम हैं।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

## 2027 वनडे वर्ल्डकप के 12 होस्ट शहरों का ऐलान

# साउथ अफ्रीका में 8 वेन्यू, जिम्बाब्वे-नामीबिया भी मेजबान, 24 साल बाद अफ्रीका में वर्ल्डकप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईसीसी ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए 12 मेजबान शहरों का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से 21 नवंबर तक साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा।

साउथ अफ्रीका के 8 वेन्यू पर मुकाबले होंगे। इनमें जोहानसबर्ग, सेंचुरियन, डरबन, ग्केबेर्हा, कुगोम्पो सिटी, केपटाउन, पार्ल और ब्लोमफोंटेन शहर होंगे। वहीं जिम्बाब्वे के हरारे, बुलावायो और विक्टोरिया फॉल्स और नामीबिया की राजधानी विंडहोक में भी मुकाबले खेले जाएंगे।

फाइनल मुकाबला जोहानसबर्ग के वांडरर्स या केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में हो सकता है। वनडे वर्ल्ड कप 24 साल बाद अफ्रीका में लौट रहा है। इससे पहले 2003 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और केन्या ने टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। इसके बाद साउथ अफ्रीका 2007 टी-20 वर्ल्ड कप, 2009 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 महिला टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी कर चुका है।



**2027 वनडे वर्ल्ड कप** में कुल 14 टीमें हिस्सा लेंगी। ICC ने हाल ही में इसके लिए नया थ्री-स्टेज फॉर्मेट मंजूर किया है। टूर्नामेंट की शुरुआत सुपर सीरीज से होगी, जिसमें रैंकिंग की 12वीं, 13वीं और 14वीं टीम आमने-सामने होंगी। इनमें से एक टीम अगले स्टेज में पहुंचेगी। इसके बाद 12 टीमों को 6-6 टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की टॉप-3 टीमें और चौथे स्थान पर रहने वाली दोनों टीमों में से बेहतर एक टीम सुपर-7 राउंड में पहुंचेगी। सुपर-7 में सातों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी, जिसके बाद टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल जीतने वाली दो टीमें फाइनल खेलेंगी।

नामीबिया पहली बार किसी सीनियर ICC टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। हालांकि इसी साल उसने जिम्बाब्वे के साथ मिलकर अंडर-19 वर्ल्ड कप का आयोजन किया था। वर्ल्ड कप के कुल 54 मुकाबलों में से कम से कम 41 मैच साउथ अफ्रीका में खेले जाने की संभावना है। जिम्बाब्वे को 7 से 10 मुकाबलों की मेजबानी मिलेगी, जबकि नामीबिया में कम से कम तीन मैच होंगे।

## कोलकाता में ब्राजील से भिड़ेगी भारतीय फुटबॉल टीम

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील की पुरुष फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर को कोलकाता में भारत के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलेगी।

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने इस बात की पुष्टि की है। यह मुकाबला ब्राजील के 2026 इंटरनेशनल कैलेंडर का हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्राजील टीम सितंबर-अक्टूबर फीफा विंडो में तीन इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलेगी। पहले दो मुकाबले 25 और 29 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के टाउन्सविले और ब्रिस्बेन में होंगे। इसके बाद 3 अक्टूबर को कोलकाता में भारत के खिलाफ तीसरा और आखिरी मैच प्रस्तावित है।

लंबे समय से चल रही थी चर्चा पिछले एक हफ्ते से ब्राजील के भारत दौरे को लेकर अटकलें तेज थीं। ईएसपीएन ब्राजील की शुरूआती रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) कोलकाता में एक फ्रेंडली मैच आयोजित करने के लिए बातचीत कर रहा है, हालांकि तब विरोधी टीम का नाम तय नहीं था। अब ताजा रिपोर्ट में भारत को प्रतिद्वंद्वी बताया गया है।

### कोलकाता का ब्राजील से पुराना रिश्ता

कोलकाता का ब्राजील फुटबॉल से पुराना नाता रहा है। 1977 में फुटबॉल महानायक पेले न्यूयॉर्क कॉसमॉस की ओर से ईडन गार्डन्स में मोहन बागान के खिलाफ खेले थे। वर्ल्ड कप के दौरान भी कोलकाता में ब्राजील के लिए जबरदस्त दीवानगी देखने को मिलती है। शहर में ब्राजील के झंडे और खिलाड़ियों के कटआउट आम नजर आते हैं

## यूएई अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूएई महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान मलेशिया को 1 रन से हराकर ICC अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। एशिया क्वालिफायर का फाइनल बायुमास ओवल में खेला गया। यूएई पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 95 रन पर ऑलआउट हो गई। हालांकि मलेशिया को 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 94 रन के स्कोर पर रोककर मैच जीत लिया। आठ टीमों के इस रीजनल क्वालीफायर की शुरूआत 23 जुलाई को हुई थी।

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता हैः- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

## जो रूट इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बने, बेन स्टोक्स की जगह लेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जो रूट इंग्लैंड क्रिकेट टीम के नए टेस्ट कप्तान बनाए गए हैं। रूट हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले बेन स्टोक्स की जगह लेंगे। इसके साथ ही स्टीफन फ्लेमिंग को इंग्लैंड का नया टेस्ट कोच बनाया गया है। कप्तान के रूप में रूट का पहला असाइनमेंट 19 अगस्त से लीड्स में शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। रूट ने 13 फरवरी 2017 से 15 अप्रैल 2022 तक 64 मैचों में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कप्तानी की। करीब पांच साल के कार्यकाल के बाद उन्होंने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के लिए पिछले कुछ महीने काफी उथल-पुथल भरे रहे हैं। चेल्सी में सीरीज के पहले मैच के बाद देर रात शराब पीने की घटना और नाइटक्लब विवाद के कारण स्टोक्स को निलंबन का सामना करना पड़ा था। इस विवाद के बाद स्टोक्स ने इसी साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

### रहाणे का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

## 2020 में टेस्ट में कप्तानी की, सीरीज जीती; 2018 में आखिरी वनडे खेला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी। वे पिछले 3 साल से किसी भी फॉर्मेट में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे।

वीडियो में 38 साल के रहाणे ने भावुक होते हुए कहा कि अब उनके लिए आगे बढ़ने का यही सही समय है। विराट कोहली ने सोशल मीडिया पोस्ट कर रहाणे को उनके करियर के लिए बधाई दी है। विराट कोहली ने रहाणे के संन्यास पर लिखा- जिंक्स, शानदार करियर के लिए बधाई दोस्त। भारतीय क्रिकेट के लिए आपने बेहतरीन योगदान दिया है। कोहली ने आगे लिखा- स्लिप में सबसे भरोसेमंद हाथ और टेस्ट क्रिकेट में मेरे फेवरेट बैटिंग पार्टनर रहे।

रहाणे के करियर का सबसे सुनहरा अध्याय 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लिखा गया। एडिलेड टेस्ट में भारत के 36 रन पर ऑलआउट होने और विराट कोहली के लौटने के बाद रहाणे ने कप्तानी संभाली। मेलबर्न में शतक लगाकर उन्होंने भारत को जीत दिलाई और सीरीज 1-1 से बराबर की। रहाणे की कप्तानी में भारत ने गाबा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से सीरीज हराई और उसका 32 साल पुराना अजेय रिकॉर्ड तोड़ा।

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### रावजी बाजार थाना क्षेत्र में पानी की टंकी में मिला युवक का शव

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र स्थित जबरन कॉलोनी में शनिवार को एक पानी की टंकी से 45 वर्षीय युवक का शव मिला। मृतक की पहचान पप्पू मालवीय पिता स्वर्गीय केशर सिंह मालवीय, निवासी जबरन कॉलोनी, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पप्पू रविवार को आखिरी बार लोगों को दिखाई दिया था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। छह दिन बाद शनिवार को टंकी से तेज दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने अंदर झांककर देखा तो शव नजर आया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। टंकी से शव निकालने के लिए पहले फर्शी तोड़ी गई। इसके बाद मोटर की मदद से टंकी का पानी निकाला गया। इसके बाद युवक का शव निकाला गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा। मृतक की बड़ी बहन सुगंध चौहान ने बताया कि परिजन बद्रीनाथ यात्रा पर रविवार से गए हैं। पप्पू अकेला रहता था। पत्नी और बेटी कुछ साल पहले छोड़कर चले गए थे।

### ऊंट से टकराकर पलटी सेना की कार, मेजर की मौत, इंदौर लाया जा रहा पार्थिव शरीर

**इंदौर।** इंदौर के मेजर हमजा आरिफ की राजस्थान के जैसलमेर में सड़क हादसे में मौत हो गई। गुरुवार देर रात ड्यूटी पूरी कर लौटते समय उनकी सेना की टाटा सफारी अचानक सड़क पर आए ऊंट से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन चार-पांच बार पलटते हुए करीब 100 मीटर तक घिसट गया। हादसे में मेजर हमजा की मौत हो गई, जबकि दो लेफ्टिनेंट गंभीर रूप से घायल हैं। उनकी शादी को अभी महज एक महीना हुआ था। शुक्रवार को सेना ने परिवार को हादसे की सूचना दी। शुक्रवार को परिजन पार्थिव शरीर लेकर जैसलमेर से इंदौर के लिए रवाना हुए। रविवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। हादसा गुरुवार रात करीब 12.30 बजे जैसलमेर शहर से करीब 18 किलोमीटर दूर थईयात आर्मी एरिया में हुआ। मेजर हमजा अपने साथियों के साथ ड्यूटी पूरी कर आर्मी स्टेशन लौट रहे थे। तभी अचानक सामने आए ऊंट से सेना की टाटा सफारी टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन चार-पांच बार पलटा और करीब 100 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में ऊंट की भी मौत हो गई।

### एनएसयूआई ने दिल्ली छात्र आंदोलन में शामिल छात्रा पर दर्ज केस का किया विरोध

**झाबुआ।** झाबुआ के 'प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' कॉलेज में शनिवार को एनएसयूआई ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन में शामिल छात्रा पर दर्ज हुई एफआईआर और छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश के खिलाफ किया गया। दरअसल, दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान नाबालिग छात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां देने का आरोप लगा था, जिसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। झाबुआ में यह विरोध प्रदर्शन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष नरवेश अमलियार की अगुवाई में आजाद प्रतिमा के सामने हुआ। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष नरवेश अमलियार ने कहा कि रुचिका सिंह पर केस दर्ज करना सीधे तौर पर बोलने की आजादी पर हमला है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में मुकदमों के जरिए छात्रों का मुंह बंद करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमलियार ने आगे कहा कि अगर भाषण की भाषा पर कोई ऐतराज था, तो उसका कानूनी तरीका निकाला जाना चाहिए था। लेकिन इसकी आड़ में शिक्षा, बेरोजगारी, परीक्षा व्यवस्था और सरकार की जवाबदेही जैसे बड़े मुद्दों से ध्यान नहीं भटकाया जा सकता।

### बारिश में तिरपाल तानकर बच्चे का अंतिम संस्कार, श्मशान की बदहाल व्यवस्था उजागर

**धार।** धार जिले में सरदारपुर तहसील अंतर्गत दसई गांव में तेज बारिश के बीच ग्रामीणों को तिरपाल के सहारे एक बच्चे का अंतिम संस्कार करना पड़ा। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को आदिवासी समाज के एक बच्चे की कथित रूप से सर्पदंश से मौत हो गई थी। परिजन और समाज के लोग अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। चिता को बारिश से बचाने के लिए ग्रामीणों ने तिरपाल तान लिया और उसी के नीचे पूरी विधि की। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने श्मशान घाट पर मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार करना बेहद मुश्किल हो जाता है। यदि श्मशान घाट पर स्थायी शेड और आवश्यक सुविधाएं होतीं, तो शोकाकुल परिवार को ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता।

### दवा छिड़काव के कारण धार मंडी में उपज की आवक घटी, 2507 बोरी पहुंचीं

**धार।** धार में लगातार हो रही बारिश का असर अब कृषि उपज मंडी की आवक पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। किसान इन दिनों सोयाबीन की फसल पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करने में व्यस्त हैं, जिसके कारण पिछले कुछ दिनों से मंडी में उपज की आवक में उल्लेखनीय कमी आई है। शनिवार को धार कृषि उपज मंडी में कुल 2507 बोरी उपज की आवक दर्ज की गई। इसमें सोयाबीन की 1215 बोरी शामिल थीं। सोयाबीन का न्यूनतम भाव 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल और अधिकतम भाव 7130 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं की 1275 बोरी मंडी में पहुंचीं। गेहूं का न्यूनतम भाव 2320 रुपए प्रति क्विंटल और अधिकतम भाव 2820 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। अन्य उपज में देसी चने की 1 बोरी की आवक हुई, जिसका अधिकतम भाव 5500 रुपए प्रति क्विंटल रहा। डॉलर चने की 13 बोरी मंडी में पहुंचीं, जिनका न्यूनतम भाव 4 हजार रुपए और अधिकतम भाव 8015 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। मक्का की 2 बोरी की आवक हुई, जिसका अधिकतम भाव 2224 रुपए प्रति क्विंटल रहा। बाटला की 1 बोरी मंडी में पहुंची, जिसका न्यूनतम भाव 2855 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

### धार में मानसून ने एक बार फिर पकड़ी रफ्तार, जुलाई में 17 .3 इंच बारिश

**धार।** धार जिले में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश और देर रात तक चले बारिश के दौर ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों को तरबतर कर दिया। गरज-चमक के साथ हुई इस बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे। लगातार मिल रही नमी से खरीफ फसलों, विशेषकर सोयाबीन को बड़ा लाभ मिला है। जुलाई माह के बारिश के आंकड़े भी राहत देने वाले हैं। 31 जुलाई 2026 तक जिले में कुल 17.3 इंच बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में हुई 17.42 इंच वर्षा के लगभग बराबर है। इससे साफ है कि इस बार जुलाई में मानसून ने पिछले साल जैसी स्थिति बनाए रखी। जिले में सबसे अधिक 26.4 इंच बारिश पीथमपुर में दर्ज की गई है। वहीं कुक्षी और निसरपुर क्षेत्र अभी भी सामान्य बारिश से पीछे हैं। कुक्षी में पिछले वर्ष जुलाई के अंत तक 10.4 इंच बारिश हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक केवल 4.6 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इससे इन इलाकों के किसानों की चिंता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई है। इसका सबसे अधिक लाभ सोयाबीन की फसल को मिला है।

## नैनो न्यूज

- इंदौर नगर निगम ने होटल, रेस्टोरेंट, शोरूम, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए हैं।
- प्रवर्तन निदेशालय ने इंदौर नगर निगम के कथित 103.42 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में 20 हजार पन्नों की चार्जशीट दायर की है। मामले में 32 आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत कार्रवाई आगे बढ़ रही है।
- केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने नकली दवाओं के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए कई गोदाम और एक अवैध निर्माण इकाई पकड़ी है। दवा व्यापार से जुड़े कारोबारियों के लिए यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।
- इंदौर में लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण शहर के कई प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम रही। मौसम विभाग ने अगले कुछ समय तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

भगवान भोलेनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी का इंदौर में विरोध-प्रदर्शन

# कांवड़ियों ने थाना घेरा, मौलाना जर्जिस अंसारी पर एफआईआर की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शनिवार को कांवड़ियों ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग चंदन नगर थाने पहुंचे और मौलाना जर्जिस अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने थाने के बाहर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि भगवान भोलेनाथ को लेकर की गई कथित टिप्पणी से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने पुलिस से मामले में तत्काल प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

इसके बाद समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।





**मामले की जांच के बाद कार्रवाई होगी-** एसीपी शिवेंद्र जोशी ने कहा कि चंदन नगर से गंगवाल बस स्टैंड की ओर कांवड़ यात्रा जा रही थी। इसी दौरान अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में कुछ लोग चंदन नगर थाने पहुंचे। उन्होंने एक आवेदन देकर आरोप लगाया है कि दूसरे धर्म के एक धार्मिक गुरु ने हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की है। शिकायत के साथ एक वीडियो भी दिया गया है। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि वीडियो कहां का है और उसमें दिखाई दे रहा व्यक्ति कौन है। मामले की जांच के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करेंगे

वहीं अखिल भारतीय बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने कहा कि मौलाना जर्जिस अंसारी ने अपनी तकरीर में हमारे आराध्य भगवान भोलेनाथ (महाकाल) के बारे में बेहद अभद्र और अशोभनीय टिप्पणियां की हैं, जिससे हिंदू समाज और करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसी के विरोध में महामंडलेश्वर नितिन दास महाराज के सानिध्य में कांवड़ यात्री चंदन नगर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

पुलिस अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिसके बाद हमने कांवड़ यात्रा आगे बढ़ाई। यदि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। अगले सोमवार को 5 हजार लोगों की कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी और जरूरत पड़ी तो थाने या एसपी कार्यालय का घेराव भी करेंगे।

इंदौर का एक और कारोबारी लोन दिलाने के नाम पर साइबर फ्रॉड का शिकार

# 15 करोड़ कैश दिखाया, डेढ़ करोड़ ठग लिए

### साउथ एक्टर-एक्ट्रेस से भी जुड़ा कनेक्शन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में बिजनेस लोन दिलाने के नाम पर बड़े कारोबारियों को निशाना बनाने वाले संगठित साइबर ठगी गिरोह का नेटवर्क लगातार बड़ा होता जा रहा है। पहले 10 करोड़ रुपए के लोन का झांसा देकर एक कारोबारी से 1 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया था।

अब जांच में खुलासा हुआ है कि इसी गिरोह ने शहर के एक बड़े रोड कंस्ट्रक्शन कारोबारी को 15 करोड़ रुपए का बिजनेस लोन दिलाने का भरोसा देकर उससे डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा ठग लिए।

जांच के दौरान इस पूरे रैकेट में साउथ फिल्म इंडस्ट्री के एक अभिनेता और एक अभिनेत्री की कथित भूमिका भी सामने आई है। फिलहाल, जांच की जा रही है।



**ऐसे कारोबारी टारगेट, जिन्हें बैंकों से बड़ा लोन चाहिए-** पीड़ित कारोबारी के वकील रोहित जैन ने बताया कि गिरोह ऐसे बड़े कारोबारियों को निशाना बनाता था, जिन्हें बैंकों से बड़ा लोन मिलने में परेशानी होती थी। उन्हें आसान प्रक्रिया और तुरंत लोन दिलाने का झांसा दिया जाता था। 15 करोड़ रुपए का लोन मंजूर कराने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस, एडवांस ब्याज, एनओसी, रजिस्ट्रेशन और अन्य औपचारिकताओं के बहाने अलग-अलग किस्तों में रकम जमा करवाई गई।

### मोबाइल डेटा और दस्तावेज भी किए इस्तेमाल

ठग वीडियो कॉल पर नकदी से भरे कार्टन दिखाकर दावा करते थे कि उनमें 15 करोड़ रुपए रखे हैं। कारोबारी को कहा जाता था कि थोड़ा और भुगतान करते ही पूरी रकम सौंप दी जाएगी। पहले सामने आए 10 करोड़ रुपए वाले मामले में भी आरोपियों ने इसी तरीके से नोटों के बंडल दिखाकर भरोसा जीता था।

कारोबारी का आरोप है कि गिरोह कुछ समय के लिए उसका मोबाइल अपने कब्जे में लेकर उसमें मौजूद दस्तावेज, ई-मेल और अन्य डेटा स्कैन करता था। बाद में उसके नाम से ऐसे दस्तावेज भी तैयार किए गए, जिन पर उसने कभी हस्ताक्षर नहीं किए।

- **अलग-अलग कारण बताकर डेढ़ करोड़ से ज्यादा जमा कराए-** एडवोकेट रोहित जैन के मुताबिक कारोबारी से अलग-अलग कारण बताकर डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा जमा कराए गए। जब बार-बार आश्वासन के बावजूद लोन नहीं मिला, तब उसे ठगी का एहसास हुआ। हालांकि, लोगों के बीच हंसी का पात्र बनने के डर से उसने तुरंत पुलिस या साइबर सेल में शिकायत नहीं की।

# टोल प्लाजा पर फर्जी मिलिट्री आईकार्ड दिखाकर रौब जमाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



देवास के मांगलिया बायपास टोल प्लाजा पर खुद को भारतीय सेना का जवान बताकर मुफ़्त आवागमन कर रहे एक फर्जी सैन्य कर्मी को पकड़ा गया है। शुक्रवार को मिलिट्री इंटेलिजेंस महू और क्षिप्रा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

टोल प्लाजा के वरिष्ठ अधिकारी विशाल मेहता को संदिग्ध व्यक्ति के हाव-भाव और बातचीत के तरीके पर संदेह हुआ था। इसके बाद उन्होंने तुरंत मिलिट्री इंटेलिजेंस महू को इसकी जानकारी दी, जिसके आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के दौरान आरोपी के बयानों में कई विरोधाभास पाए गए। कड़ाई से की गई पूछताछ में उसकी पहचान देवास स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के कर्मचारी दीपक गुप्ता के रूप में हुई। जांच में आरोपी की कार भी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के नाम से पंजीकृत पाई गई। आरोपी बैंक की गाड़ी में फर्जी मिलिट्री आइडेंटिटी कार्ड का इस्तेमाल कर टोल टैक्स बचाने और रौब दिखाने के लिए घूम रहा था। क्षिप्रा पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को फर्जी मिलिट्री आईडी कार्ड कहां से मिला और क्या इस फर्जीवाड़े में कोई अन्य गिरोह भी शामिल है।

बाणगंगा स्थित प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम के बुजुर्ग ने कहा- नाबालिग ही नहीं, कर्मचारी भी करते थे मारपीट


# पिटाई के वीडियो के बाद नया खुलासा, 3 बुजुर्गों का एमवाय में चल रहा इलाज

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के बाणगंगा स्थित प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम में नाबालिग द्वारा बुजुर्गों की डंडे से पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद मामले में नए खुलासे हो रहे हैं। आश्रम से दूसरे स्थानों पर शिफ्ट किए गए बुजुर्गों ने दावा किया है कि आश्रम में मारपीट की घटनाएं नई बात नहीं है। उनका आरोप है कि नाबालिग के अलावा कुछ कर्मचारी भी गलती होने पर बुजुर्गों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते थे।

बुजुर्गों के मुताबिक आश्रम की संचालिका ने कभी उनके साथ मारपीट नहीं की, लेकिन उनके अनुपस्थित रहने पर कुछ कर्मचारियों का व्यवहार बेहद सख्त रहता था। फिलहाल दो पुरुष और एक महिला बुजुर्ग एमवाय अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, आश्रम में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे होने की बात सामने आई है।

आश्रम में रहने वाले अन्य बुजुर्गों ने भी बताया कि जो लोग शारीरिक रूप से कमजोर थे या स्वयं नहा-धो नहीं पाते थे, उन्हें अलग रहने के लिए कहा जाता था। इससे वे खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस करते थे।



### बच्चे ने पहली बार उठाया था डंडा

उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा नाबालिग पहली बार उनके साथ मारपीट करता नजर आया। बुजुर्गों का दावा है कि घटना से पहले आश्रम की एक महिला कर्मचारी ने नाबालिग को अपशब्द कहे थे, जिसके बाद वह गुस्से में आया और डंडे से बुजुर्गों पर हमला कर दिया। हालांकि, इस दावे की पुष्टि अभी जांच के बाद ही होगी।

### गलती पर डांट नहीं, पिटाई होती थी

एमवाय अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग ने बताया कि आश्रम में छोटी-छोटी गलतियों पर डांटने की बजाय कर्मचारियों द्वारा मारपीट की जाती थी। उनका कहना है कि कई बार कर्मचारियों का व्यवहार अपमानजनक रहता था और बुजुर्गों के साथ गाली-गलौज भी की जाती थी। घायल बुजुर्ग महिला गोदावरी ने बताया कि संचालिका के जाने के बाद कर्मचारी बुजुर्गों के साथ मारपीट करते थे। नहाने के दौरान कोई गलती होने पर भी डांटने की बजाय पिटाई और गाली-गलौज की जाती थी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के नाम उन्हें नहीं मालूम, लेकिन वे लंबे समय से इस तरह का व्यवहार झेल रहे थे।

## सड़क हादसे में 4 साल के मासूम की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

गांधी नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को 4 साल का मासूम की मौत हो गई। वह मां के साथ कार में आगे की सीट पर बैठा था। तभी अचानक उस कार की टक्कर आगे चल रही कार से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एयरबैग खुल गए लेकिन इसके बावजूद बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एमवाय अस्पताल में उसका पीएम करवाया गया। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक मृतक 4 साल का शिवांश पिता सतीश राठौर निवासी ग्राम बिंजाना थाना देवास का रहने वाला था। शिवांश के परिजन सज्जन सिंह ने बताया कि वह अपनी नानी के यहां मुरादपुरा आया था। शुक्रवार को वे कार से मानपुर के समीप एक 13वीं के कार्यक्रम में जाने के लिए निकले थे। गांधी नगर थाना क्षेत्र के दिलीप नगर में अचानक कार आगे चल रही कार से टकरा गई। जिस वजह से ये हादसा हुआ। सज्जन सिंह ने बताया कि शिवांश मां मोना के साथ आगे की सीट पर बैठा था। पिता के साढू कार चला रहे थे और परिवार के अन्य लोग कार में बैठे थे। अचानक इनकी कार आगे चल रही कार से टकरा गई और कार के एयरबैग खुल गए। परिजन का कहना है कि एयरबेग खुलने से पट्टी शिवांश के गले में लगी। जिसके बाद उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उसे एमवाय भेज दिया था। जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी।



















स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com